RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 21 अंक » 50

टोंक » रविवार » 21 सितम्बर, 2025

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

## राज्य निर्वाचन आयोग मूकदर्शक नहीं बन सकता, निकाय चुनाव करवाने में हस्तक्षेप करे : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहरी निकाय चुनाव में देरी पर राजस्थान सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग पर तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने मुख्य सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग और भारत निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी कर इस मामले में संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप जल्द आवश्यक कदम उठाने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंढ की अदालत ने अलग-अलग याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा- राज्य निर्वाचन आयोग को आंखें मूंदकर मूकदर्शक बनकर बैठे रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक 5 साल में चुनाव करवाना अनिवार्य है। 6 माह तक प्रशासक लगाया जा सकता है, लेकिन इस अवधि को किसी भी हालत में 6 माह से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। जुलाई में प्रशासकों की अवधि पूरी होने के बावजूद एसडीओ प्रशासक लगे हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेशों में कहा है कि बिना निर्वाचित बोर्ड के नगरपालिका चलाने का कोई प्रावधान नहीं है। अदालत ने कहा- संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत नगरपालिकाओं के चुनाव उनकी अवधि पूरी होने से पहले या फिर कार्यकाल खत्म होने के 6 माह के भीतर कराना अनिवार्य है।

## चित्तौड़गढ़ में तेज बारिश,सड़क पर नदी की तरह बहा पानी

**जयपुर।** प्रदेश के दक्षिणी जिलों में जाते-जाते मानसून बारिश करा रहा है। उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ समेत कुछ जिलों में शनिवार दोपहर बाद घने बादल छाए और कई जगह बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के बड़ी सादड़ी में एक घंटे हुई तेज बारिश से जवाहर चौक, कानोड़ दरवाजे पर नदी की तरह सड़क पर पानी बहने लगा। दुकानों के बाहर रखा सामान बह गया।

### मुख्यमंत्री का बांसवाड़ा दौरा : सेवा शिविरों में आमजन की आवश्यकताओं के काम हो रहे पूरे

# डबल इंजन की सरकार वागड़ क्षेत्र का कर रही बुनियादी विकास : भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने किया शहरी सेवा शिविर का अवलोकन, टीबी मरीजों के परिजनों को निक्षय पोषण किट की वितरित

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान को विकास की महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सहित सम्पूर्ण आदिवासी क्षेत्र में गरीब कल्याण एवं विकास योजनाओं के माध्यम से स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। जिससे उनका जीवनस्तर भी बेहतर बन रहा है। उन्होंने कहा कि वागड़ के बुनियादी विकास के लिए डबल इंजन की सरकार कृतसंकल्पित है।

शर्मा ने शनिवार को बांसवाड़ा के कुशलबाग क्रिकेट स्टेडियम में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन तथा निक्षय पोषण किट का वितरण किया। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से हमारी सरकार प्रदेश में शहरी सेवा शिविर और ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर रही है। इन शिविरों के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का संकल्प साकार हो रहा है तथा जनोपयोगी कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'राजस्थान धर्मांतरण विरोधी विधेयक' लाई है। इस कानून से बहला फुसलाकर तथा जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों पर अंकुश लगेगा।

### 'टीबी मुक्त भारत' अभियान राष्ट्रीय संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान एक राष्ट्रीय संकल्प है। इसलिए किसी भी व्यक्ति को खांसी, बुखार, वजन कम होना, सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत शिविरों में जाकर जांच करवाकर इलाज लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत माताओं-बहनों को शिविरों में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर समेत एनीमिया, टीबी और सिकल सेल जैसी बीमारियों की जांच भी की जा रही है।



### सेवा शिविरों में जनोपयोगी कार्य हो रहे पूर्ण

शर्मा ने कहा कि शहरी सेवा शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तत्काल बन रहे हैं। साथ ही, पेंशन योजनाओं में नाम दर्ज कराने से लेकर राशन कार्ड बनवाने तक, सभी काम शिविरों में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। ब्लैक स्पॉट खत्म करने और सड़कों, नालियों तथा सीवर लाइनों की मरम्मत करने जैसे कार्य भी इन शिविरों के तहत करवाए जा रहे हैं। बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक किया जा रहा है, नमो पार्क विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर में स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे देने तथा किसान गिरदावरी एप द्वारा गिरदावरी करवाने जैसे कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। साथ ही, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों व सड़कों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के कार्य भी इन शिविरों में किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सौंपे चैक एवं प्रमाण पत्र

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्य म के तहत टीबी मरीजों के परिजनों को निक्षय पोषण किट वितरित की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभार्थियों को चैक सौंपे। साथ ही, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लाभार्थी को बीमा पॉलिसी तथा खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपा।

### जनता की सेवा राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध हो रहा है। किसान सम्मान निधि एवं गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों एवं पशुपालकों को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना के तहत छात्राओं को स्कूटी एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को सप्ताह में 5 दिन दूध भी वितरित किया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शहरी सेवा शिविर के लाभार्थियों से संवाद कर विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान शर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़े का लाभ उठाएं और अपने आस-पास के लोगों को भी इन शिविरों से जोड़ें।

## चपरासी भर्ती परीक्षा में इंजीनियर को नकल करते पकड़ा

### स्मार्ट वॉच से पेपर की फोटो बाहर भेजी अंडरगारमेंट में छुपाकर ले गया था



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान ग्रेड फोर्थ (चपरासी) भर्ती परीक्षा में नकल करते एक इंजीनियर को जयपुर पुलिस ने अरेस्ट किया है। शनिवार को पहली पारी में एग्जाम के दौरान वह स्मार्ट वॉच से प्रश्नपत्र को एग्जाम सेंटर से बाहर भेजा था। अशोक नगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर नकल में यूज स्मार्ट वॉच और उसके घर से एक मोबाइल को जब्त कर लिया है।

एसएचओ (अशोक नगर) किशन कुमार ने बताया- आरोपी रवि झाझरिया (25) निवासी खंडेला, सीकर है। वह मुरलीपुरा (जयपुर) इलाके में आईएएस कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। उसने बीटेक कर रखी है। राजस्थान चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में उसका जयपुर के अशोक नगर स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल में एग्जाम सेंटर आया था।

### संदिग्ध हरकतों की वजह से नजर में आया

पहली पारी में एग्जाम देने पहुंचा रवि अंडर गारमेंट में स्मार्ट वॉच छिपाकर ले गया। एग्जाम के दौरान सुबह करीब 10:30 बजे उसने स्मार्ट वॉच के कैमरे से प्रश्न पत्र की फोटो खींचकर वॉट्सऐप के जरिए सेंटर से बाहर भेजी। उसकी संदिग्ध हरकतों को देखकर परीक्षा हॉल में तलाशी ली गई। तलाशी में स्मार्ट वॉच मिलने पर चेक किया गया। जांच में साफ हो गया कि उसने प्रश्नपत्र बाहर भेजा है। अशोक नगर थाना पुलिस ने आरोपी रवि को तुरंत राउंडअप कर स्मार्ट वॉच कब्जे में ले ली। वॉट्सऐप पर भेजे पेपर के बारे में पता कर उसके घर पर मिले मोबाइल को भी जब्त कर लिया।

### अंडरगारमेंट में छिपा कर ले गया था स्मार्ट वॉच

उन्होंने बताया- पहली पारी में एग्जाम देने पहुंचा इंजीनियर रवि अंडरगारमेंट में स्मार्ट वॉच छिपाकर ले गया था। परीक्षा के दौरान सुबह करीब 10:30 बजे उसने स्मार्ट वॉच के कैमरे से प्रश्न पत्र की फोटो खींचकर वॉट्सऐप के जरिए सेंटर से बाहर भेजी। उसके हाव भाव को देखकर परीक्षा हॉल में उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास स्मार्ट वॉच मिली। चैकिंग में एग्जाम सेंटर से बाहर क्यूशन पेपर को वॉट्सऐप जरिए भेजने की बात सामने आई। ऐसे में अशोक नगर थाना पुलिस ने आरोपी रवि को तुरंत राउंडअप कर स्मार्ट वॉच अपने कब्जे में ले ली। वॉट्सऐप पर भेजे पेपर के बारे में पता कर उसके घर पर मिले मोबाइल को भी जब्त कर लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई।

### नामांतरण खोलने की एवज में मांगे थे एक लाख रुपए

## एसीबी ने तहसीलदार को 80 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा



खबरों की दुनिया

**नदबई।** एसीबी भरतपुर की टीम ने नदबई तहसीलदार को 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। तहसीलदार ने जमीन नामांतरण खोलने के एवज में एक लाख रुपए की मांग की थी। कार्रवाई शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे हुई। परिवादी को तहसील कार्यालय में बने सरकारी आवास पर ही रुपए लेकर बुलाया था। एसीबी भरतपुर की टीम को शिकायत मिली थी कि, नदबई तहसीलदार विनोद मीणा नामांतरण खोलने के लिए एक लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

### एक लाख से 80 हजार में हुई डील


जानकारी के अनुसार, तहसीलदार ने परिवादी से पहले 1 लाख रुपए की डिमांड की। बाद में बातचीत के बाद 80 हजार रुपए में तय हुआ। शनिवार को परिवादी ने तहसीलदार को 80 हजार रुपए दिए, उसी दौरान एसीबी ने तहसीलदार को रंगे हाथों पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई का नेतृत्व भरतपुर एसीबी के एसीपी अमित सिंह ने किया। एसीबी की टीम अभी तहसीलदार से पूछताछ कर रही है। वहीं पंचायत समिति कार्यालय में ,एसीबी की टीम डॉक्यूमेंट्स को खंगाल रही है।

## जयपुर में आसमान से गिरे आग के गोले

### हस्यमयी तेज रोशनी ने चौंकाया

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर के आसमान में हुई खगोलीय घटना ने लोगों को चौंका दिया। शुक्रवार आधी रात शहर के अलग-अलग हिस्सों से आसमान में आग के गोले नजर आए। करीब 1 मिनट तक दिखे ये गोले क्या थे, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, खगोलीय एक्टिविटी पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट उल्कापिंड होने की संभावना जता रहे हैं। आसमान में रात करीब 1.21 मिनट पर ये आग के गोले दिखे थे। राजस्थान में बीते



2 दशक में उल्कापिंड गिरने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए एक्सपर्ट के दावे को मजबूत माना जा रहा है।

### करीब 200 मीटर नीचे तक दिखाई दिए

जयपुर शहर के साथ ये आग के गोले जिले के कोटपूतली और अन्य क्षेत्रों में भी दिखे। एक्सपर्ट के अनुसार ये नीचे गिरते हुए 200 मीटर तक दिखाई दिए। इनकी संख्या एक से ज्यादा थी। इनकी स्पीड करीब 72 किलोमीटर प्रति/सेकेंड थी। इन आग के गोलों के वीडियो को रहस्यमयी रोशनी बताकर सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जा रहा है।

### जयपुर-दिल्ली हाईवे पर चलते ट्रेलर में लगी आग



**जयपुर।** जयपुर-दिल्ली हाईवे पर शनिवार सुबह चलते ट्रेलर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। इस दौरान वक्त रहते ड्राइवर ने ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई, गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची दौलतपुरा थाना पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग लगने से ट्रेलर का केबिन पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गया। पुलिस के मुताबिक शॉर्ट सर्किट होने की कारण ट्रेलर में आग लग गई।

## विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा : प्रधानमंत्री मोदी

**भावनगर।** अमेरिका से टैरिफ पर तकरार के बीच पीएम मोदी ने देशवासियों को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को दोहराया है। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत का असल दुश्मन कौन है। उन्होंने कहा कि विदेशी निर्भरता हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है और भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर में आयोजित 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे



भारत में समुद्र से समृद्धि की ओर जाने की हमारी दिशा क्या है, उसके लिए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। इस दौरान, पीएम मोदी ने गुजरात और भावनगर के लोगों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत समुद्र को बहुत बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। यहां पोर्ट लेड डेवलपमेंट को गति देने के लिए हजारों करोड़ रुपए का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। 'आत्मनिर्भर भारत' का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। उन्होंने कहा, 'सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा।'जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ज्यादा देश की विफलता'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले, 'जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता होगी, उतनी ज्यादा देश की विफलता होगी। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा।' इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, 'भारत में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत के हर सामर्थ्य को नजरअंदाज किया, इसलिए आजादी के 6-7 दशकों बाद भी भारत वो सफलता हासिल नहीं कर पाया, जिसके हम हकदार थे। लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस कोटा राज में उलझाए रखा। दुनिया के बाजार से अलग-थलग रखा। कांग्रेस सरकार की नीतियों ने देश के नौजवानों का बहुत नुकसान किया।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में कहा, 'आप सबने अपने नरेंद्र भाई को जन्मदिन पर जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं, व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिला है, ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति और बहुत बड़ी ताकत है। सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'

### बोले- सरकार की फर्मे भी इसमें शामिल

# मंत्री किरोड़ी ने पकड़ा फर्जीवाड़ा :ग्वार बीज की जगह उग रही थी कपास

खबरों की दुनिया

**हनुमानगढ़।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार को ग्वार बीज उत्पादन के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा किया। कंपनी की ओर से खेत में ग्वार बीज उगाने का दावा किया जा रहा था, मंत्री ने जाकर देखा तो नरमा (कपास) की फसल खड़ी मिली। मंत्री किरोड़ी हनुमानगढ़ दौरे पर थे।

इस दौरान मंत्री ने कहा- किसान की फसल अगर 80 रुपए किलो है तो उसी फसल को बीज के नाम पर 800 रुपए किलो में किसानों को ही बेचा जा रहा है। सरकार की फर्मे भी इस घोटाले में शामिल है। निजी कंपनियों को बीज उपलब्ध कराने के लिए सरकार भी 50 प्रतिशत सब्सिडी देती है। सरकार को डबल मार हो रही है।



### ग्वार बीज का दावा, खेत में उग रही थी कपास

स्थानीय किसानों से मिली जानकारी के आधार पर कृषि मंत्री गांव के खेत में पहुंचे थे। कंपनी ने खेत मालिक से यह कहकर जमीन ली थी कि यहां ग्वार बीज उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए कंपनी ने समझौता भी किया था, लेकिन जब किरोड़ी मौके पर पहुंचे, तो खेत में नरमा (कपास) की फसल थी। यह देख मंत्री भी हैरान रह गए।

### किसान के नाम पर बना फर्जी एग्रीमेंट

इधर, खेत मालिकों का कहना है कि उसने ऐसा कोई समझौता नहीं किया। जिस किसान के नाम पर कंपनी ने एग्रीमेंट तैयार किया, वह व्यक्ति उस गांव में है ही नहीं। मंत्री ने इसे सीधा-सीधा फर्जीवाड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक खेत की बात नहीं, बल्कि प्रदेशभर में बीज कंपनियों की मिलीभगत से किसानों के साथ धोखा हो रहा है।

### नकली बीज बनाकर बाजार में बेचती हैं कंपनियां

कृषि मंत्री ने बताया कि नियमानुसार बीज कंपनियों को खेत में फसल तैयार कर उससे बीज उत्पादन करना होता है, लेकिन कई कंपनियां बाजार से फसल खरीदती हैं और फिर उसे बीज बताकर बेचती है। इससे किसानों को नुकसान तो होता ही है, साथ ही खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होते हैं।

### मौके पर नहीं पहुंचा कोई कृषि अधिकारी

सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इतने बड़े बीज कार्यक्रम की न तो कोई सरकारी निगरानी थी, न ही कोई अधिकारी जांच के लिए खेत पर आया। मंत्री ने कहा कि विभाग की इस लापरवाही से ही फर्जी कंपनियों के हौसले बुलंद है। उन्होंने कृषि विभाग के अफसरों की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

### एसओजी या सीबीआई से जांच की मांग

मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि यह कोई सामान्य मामला नहीं है। इसमें एसओजी या सीबीआई जैसी एजेंसी से जांच करवाई जानी चाहिए, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि अगर दोषी पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। चाहे वो निजी कंपनी हो या सरकारी अफसर।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## बाजोर में कार्यकर्ता द्वारा पोस्टर विमोचन व जनसंपर्क



खबरों की दुनिया

**सीकर।** मेजर दलपत सिंह की 107वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को बाजोर में कार्यकर्ता द्वारा पोस्टर विमोचन व जनसंपर्क किया। इस दौरान लक्ष्मण सिंह सवार सिंह भवानी सिंह मन सिंह जिनमें सिंह विक्रम सिंह महेंद्र सिंह महेंद्र सिंह निकेंद्र सिंह जसवंत सिंह सिंह मुकेश सिंह समिति के आयोजन कर्ता भगवान सिंह गहलोत देवेंद्र सिंह खेजडोलिया उमेद सिंह सजन सिंह नटवर सिंह गहलोत व सामाजिक लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज आएंगे सांवली

### नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



खबरों की दुनिया

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बजाज ग्राम सांवली, सीकर आएंगे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज प्रातः 07:50 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 8:20 बजे हैलीपेड बजाज ग्राम सांवली पहुंचेंगे। जहां से मुख्यमंत्री शर्मा प्रातः 08:30 बजे मेडिकल कॉलेज के सामने, बजाज ग्राम सांवली, सीकर में अयोजित नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रातः 09:30 बजे नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर प्रातः 09:35 बजे हैलीपेड बजाज ग्राम सांवली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा प्रातः 09:40 बजे हैलीपेड बजाज ग्राम सांवली से जयपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## रोटरी क्लब सीकर द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित



खबरों की दुनिया

**सीकर।** रोटरी क्लब सीकर के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अनीता राठी (महिला रोग विशेषज्ञ, राठी अस्पताल, सीकर) रही, जिन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी जानकारी दी और जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन राधास्वामी सत्संग भवन, रसीदपुरा जयपुर-बीकानेर हाईवे, सीकर पर हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछे और विशेषज्ञ से परामर्श प्राप्त किया।

इस अवसर पर रोट. शिल्पा जैन, रोट. अमरसिंह कविया, प्रदीप निरानिया एवं रोटेरियन राजश्री सोमानी भी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब सीकर के पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब समय-समय पर समाजोपयोगी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना क्लब की प्राथमिकता है।

## प्रयास कोचिंग के छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ, नशा मुक्ति का लिया संकल्प



खबरों की दुनिया

**सीकर।** नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर परिषद सीकर द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रयास कोचिंग सीकर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने छात्र-छात्राओं से स्वच्छता संवाद किया एवं उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई।

आयुक्त ने बच्चों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें और इसके स्थान पर कपड़े के थैलों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने घर, स्कूल और आस-पास की सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए, कचरा न फैलाएं और दूसरों को भी ऐसा न करने दें। इस अवसर पर छात्रों ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली और कपड़े के थैलों का उपयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में आयुक्त शर्मा ने मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की उपयोगिता के बारे में भी बताया और युवाओं से इस केंद्र का लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की हिदायत देते हुए कहा कि 'शिक्षा नगरी सीकर को नशा मुक्त नगरी बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और बताया कि नगर परिषद की टीम युवाओं को नशे से बचाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

इस कार्यक्रम में नगर परिषद के राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार सोनी, सहायक अभियंता नागरमल, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र गोदारा, सहायक सुरेश मिठारवाल तथा IEC टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### सीकर के प्रधानजी का जाव में होगा शहीद वीरांगना सम्मान व सामाजिक जागृति सम्मेलन

# हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत बलिदान दिवस पर 23 को जुटेंगे सीकर जिले के सभी मंत्री, विधायक और सैन्य अधिकारी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** मेजर दलपत सिंह बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा व वीरांगना सम्मान समारोह तथा सामाजिक जागृति सम्मेलन में सीकर जिले के रावणा राजपूत समाज के सभी गाँव व कस्बों से लोग शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को रावणा राजपूत समाज भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के डॉ. बलवंत सिंह चिराना ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय इतिहास के पुरोधाओं की अमर गाथा आजादी के बाद से आमजन तक नहीं पहुंचती थी।

भारतीय योद्धा जिन्होंने विदेशी धरती पर अदम्य साहस व शोर्य का परचम लहराया उन्ही वीर योद्धाओं के साहस को नमन करते हुए 23 सितम्बर को इजरायल के हाइफा शहर को आजादी दिलाने वाले मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजली सभा व वीरांगना सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के अधिवक्ता हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि समारोह मे मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा होगे। अध्यक्षता बिग्रेडियर मोहन सिंह होंगे।



समारोह के अति विशिष्ट अतिथि लक्ष्मणगढ विधायक व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा होगे। विशिष्ट अतिथि सीकर सांसद अमराराम, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, धोद विधायक गोरधन वर्मा, फतेहपुर विधायक हाकिम खां, दांतारामगढ विधायक वीरेंद्र सिंह, खण्डेला विधायक सुभाष मील, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतन जलधारी, पूर्व यूआईटी चैयरमैन हरिराम रणवा, निवर्तमान चैयरमैन जीवण खान तथा कर्नल जगदेव सिंह होंगे। आयोजन समिति के किशन सिंह चौहान ने बताया कि समारोह में गरिमामय उपस्थिति पुलिस अधीक्षक प्रदीप नुनावत, कृषि विपणन बोर्ड राजस्थान के उप निदेशक केशर सिंह व सहकारिता विभाग राजस्थान के उप रजिस्ट्रार रणवीर सिंह होंगे। आयोजन समिति के पूर्व पार्षद सम्पत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम से पहले सभी सर्किल को सजाया जाएगा।

आयोजन समिति के हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि बलिदान दिवस का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ियों को उन महापुरुषों और योद्धाओं के चरित्र, जीवनी और पराक्रम शौर्य की गाथा से अवगत करवाना जिन्होंने देश की रक्षा और देश से बाहर भी जाकर दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षार्थ प्राणों का बलिदान दिया। उनके जीवन से युवाओ को प्रेरणा मिल सके इसलिए रावणा राजपूत समाज के बैनर तले हाईफ़ा हीरो अमर बलिदानी मेजर दलपत सिंह शेखावत का बलिदान दिवस सीकर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सर्व समाज के प्रमुख गणमान्य जनों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

शंकर सिंह उगरावत और विजेंद्र सिंह रावणा ने बताया सीकर व बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। इस दौरान ओम सिंह दूजोद, धोद नगर पालिका अध्यक्ष अमर सिंह कर्णावत, रणजीत सिंह चिड़ासरा, लक्ष्मण सिंह निर्बाण, राजेश शेखावत, पिंटू सिंह पड़िहार, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह बालपोता, मोहन सिंह भठोट सरपंच, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि किशोर सिंह बानूडा, नाथूसर सरपंच राम सिंह, झाड़ली सरपंच रामवतार सिंह, राधेश्याम सिंह भाटी, इन्द्र सिंह शेखावत, सज्जन सिंह निर्बाण सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद थे।

## नन्हें खिलाड़ियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक, खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

खबरों की दुनिया

**सीकर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरोहित का बास में 11 वर्षीय छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। पिपराली ब्लॉक के आर.पी. रवि जोशी ने बताया कि इस खेल उत्सव ने विद्यार्थियों को शारीरिक दक्षता, आत्मविश्वास और टीम भावना का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीअर्जुन तिवाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि गुलाब धीवा रहे। इसकी अध्यक्षता पिपराली पंचायत समिति प्रधान बनारसी देवी ने की। इस अवसर पर अवतार, सरवन मूंड,





पूर्व सरपंच प्रभु दयाल, गोपीराम, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण कुमावत, श्रीराम कुमावत, राजू गुर्जर, फूलचंद धीया एवं पेमा राम फौजी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में नारायणी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पिपराली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि समर्पण पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, पुरोहित का बास उपविजेता रही। खो-खो प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर, साँवली रोड विजेता तथा सरदार पटेल स्कूल, कटराथल उपविजेता रही।

अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या इमरता ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## महाराजा अग्रसेन जयंती के चार दिवसीय समारोह के दूसरे दिन श्रीअग्रवाल महिला मंडल ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** अग्रवाल समाज की ओर लक्ष्मनगढ में आयोजित किए जा रहे महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को अग्रवाल समाज महिला मंडल की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें समाज की मातृशक्ति एवं समाज के बच्चों ने भाग लिया।

श्रीअग्रवाल पंचायत समिति महिला मण्डल की मंत्री डॉ. सुधा पोद्दार जाजोदिया ने बताया कि चांदनी मोहित मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सीकर की वरिष्ठ समाज सेविका कविता अग्रवाल, मधु सिहोटिया, सुचिता बजाज और स्वीटी तोदी ने प्रतियोगिताओं में निर्णायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित विचित्र वेशभूषा, एकल नृत्य,सजावटी वस्तु तैयार करना, राजस्थानी पगड़ी पेंटिग, मंडाला आर्ट, क्रोशिया डिजाइन, गायन, स्टैंड अप कॉमेडी, राजस्थानी परिधान में मारवाड़ी प्रस्तुति जैसे रोमांचित कर देने वाले अनेक कार्यक्रमों में समाज की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कोषाध्यक्ष रेणु सराफ, ममता जालान, रितु बजाज, पायल नाऊवाला और डिंपल बीबीपुरिया ने अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ सदस्या वर्षा भूत, नीलम जाजोदिया, बबीता गोटेवाला और पिंकी चिरानिया के नेतृत्व में खिलाए गए मजेदार वन मिनट खेलों में सभी का मनोरंजन किया। जबकि समस्त अग्रवाल महिला मंडल सदस्यों ने द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी संस्कृति पर आधारित नृत्य ने सम्पूर्ण सभागार को ऊर्जावान बना दिया जो प्रेरणा चिरानिया के निर्देशन में तैयार किया गया था।

कार्यक्रम में आशा जाजोदिया, सुमन बजाज, रेनू जालान और ललिता झुरिया ने सभागार व्यवस्था को संभाल कर मनोरंजनात्मक वातावरण की खुशी को द्विगुणित कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुधा पोद्दार जाजोदिया और सुश्री खुशी नाउवाला ने मायड़ भाषा मारवाड़ी में मंच संचालन किया। कार्यक्रम में सुश्री मुस्कान जाजोदिया के निर्देशन में म्यूजिक सिस्टम की समुचित व्यवस्था ने सुरों की गंगा प्रवाहित करने में सहयोग किया।

## नवरात्र स्पेशल गरबा व डांडिया नृत्य का आयोजन

खबरों की दुनिया

**सालासर।** कस्बे में स्थित पुरातन मुख्य शिव मंदिर संस्कृत स्कूल के पास में भव्य नवरात्र स्पेशल गरबा डांडिया का आयोजन किया जाएगा। आयोजन करता पुजारी माधव प्रसाद शर्मा ने बताया कि इन आउट प्रतियोगिता डांडिया प्रतियोगिता कुर्सी प्रतियोगिता गरबा ड्रेस प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन 24 सितंबर बुधवार दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियो द्वारा संचालित किया जाता है यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से लगातार जारी है।

## शहीद हेमाराम की प्रतिमा का भव्यतिरंगा रैली के साथ अनावरण

खबरों की दुनिया

**सीकर।** शहीद हेमाराम की प्रतिमा का बासड़ी कला में भव्य तिरंगा रैली के साथ अनावरण किया। कार्यक्रम मे अतिथियो ने शहीद वीरांगना विमला देवी, शहीद माताजी बरजी देवी, शहीद की बहिन संतरा देवी सहित शहीद परिजनों व दांतारामगढ़ के शहीद परिवारों का सम्मान किया। कार्यक्रम मे सीकर सांसद अमराराम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद सुमेधानन्द सरस्वती, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर, खंडेला विधायक सुभाष मील, गजानंद कुमावत विधायक प्रत्याशी दांतारामगढ़, ताराचंद धायल उप जिला प्रमुख सीकर, रामेश्वर रणवा, प्रभु सिंह गोगावास प्रधान प्रतिनिधि दांतारामगढ़, गोविन्द सिंह लांब, संजू देवी जिला परिषद सदस्य, ममता सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य, सुमन वर्मा पंचायत समिति



सदस्य रलावता, मनीष बजडोलिया प. स. सदस्य, बाबुलाल बाजिया पंचायत समिति सदस्य, ओमप्रकाश भारनी, कमलेश मगनपुरा, सुंडा राम गोवटी, गोगाराज बुरडक, राजेन्द्र धीरजपपूरा, चौधरी ईश्वर सिंह निठरवाल रास्ट्रीय अध्यक्ष तेजल सेना,बाबा बी एल टेलर बाय प्रवीण निमावास दिनेश ठेहट रामनिवास भामू रामेश्वर जाखड़ दूधवा, अशोक सिंह रलावता, कैलाश कुमावत रेटा, महेंद्र पारासर, महावीर जैन रलावता भीम सिंह दुदवा, त्रिभुवन सिंह दुदवा अनिल मरोठिया, सहित जिले से जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक ग्रामीण सेना के जवान महिलाओ सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थिति रहे।

## 23 खेलों में विजेता के साथ प्रिंस को 63 ट्रॉफी, 183 स्वर्ण सहित 676 मेडल जीते प्रिंस के खिलाड़ियों ने



खबरों की दुनिया

**सीकर।** 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रथम व द्वितीय चरण की समाप्ति तक प्रिंस की टीमों ने रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 23 प्रतियोगिताओं में विजेता, 23 में उपविजेता एवं 17 में सेकंड रनर-अप के खिताब सहित कुल 63 ट्रॉफी हासिल कर ली है। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में 183 स्वर्ण, 181 रजत एवं 312 कांस्य पदक सहित कुल 676 पदक भी हासिल किए हैं। प्रतियोगिता में तृतीय व चतुर्थ चरण का आयोजन होना अभी बाकी है।

प्रिंस की टीमों ने बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग, हैंडबॉल, शूटिंग, नेटबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, ताइक्वांडो एवं साइक्लिंग की 23 प्रतियोगिताओं में विजेता का खिताब जीता है।

इसी तरह बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, नेटबॉल, शूटिंग, वॉलीबॉल, कराटे, शतरंज, सॉफ्टबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं योगा की 23 प्रतियोगिताओं में उपविजेता का खिताब तथा फुटबॉल, रग्बी फुटबॉल, टेबल टेनिस, हैंडबॉल, नेटबॉल, खो-खो, बॉक्सिंग, कराटे, बास्केटबॉल, कुश्ती एवं वेटलिफ्टिंग की 17 प्रतियोगिताओं में सेकंड रनर-अप का खिताब हासिल किया है।

खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा एवं मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विजेता खिलाड़ियों, टीमों एवं कोचेज को बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्रवाई

## 752 किलो बदबूदार मुरब्बा करवाया नष्ट, खाद्य वस्तुओं के 8 सैम्पल लिए

खबरों की दुनिया

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेश में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा हैं, इसके तहत खाद्य वस्तुओं में मिलावट करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देश पर चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा के द्वारा पलसाना क्षेत्र में कार्रवाई की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि अभियान के तहत विभाग की टीम द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। एफएसओ की टीम ने शनिवार को पलसाना के औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 432 किलो आंवला मुरब्बा 170 किलो गाजर का मुरब्बा, 80 किलो बांस का मुरब्बा, 70 किलो बिल का मुरब्बा नष्ट करवाया गया।

एफएसओ फूल सिंह बाजिया, महमूद अली ने बताया कि पलसाना के औद्योगिक क्षेत्र में मुरब्बा मैसर्स के यहां निरीक्षण करने पर मुरब्बा में बदबू आ रही थी और फंगस लगी हुई थी। इस पर आंवला, गाजार, बांस व बिल के कुल 752 किलो मुरब्बे को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

साथ ही आंवला, बिल, बांस के मुरब्बे का सैम्पल लिया गया। इसके अलावा पलसाना औद्योगिक क्षेत्र से



गेहूं का आटा, मैंदा आदि खाद्य पदार्थो सहित कुल आठ सैम्पल लिए गए।

इस दौरान सभी खाद्य कारोबार करने वाले व्यापारियों को शुद्ध खाद्य वस्तुएं आमजन को देने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए पाबंद किया गया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम ने नवराज को देखते हुए जीणामाता क्षेत्र में खाद्य वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण किया और व्यापारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए पाबंद किया।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

## वर्षो से बंद राशन कार्ड को चालू करवा कर 53 पट्टे व 10 नाम शुद्धिकरण किया



खबरों की दुनिया

**देवली।** ग्रामीण सेवा शिविरों में अधिकारियों द्वारा पहुंचकर मौके पर ही लोगों को राहत प्रदान की जा रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब धुआं कला में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने वर्षों से बंद पड़े राशन कार्ड को दस्तावेजों की जांच करवा कर पुनः चालू करवाया।

उपखंड कार्यालय के आशीष शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत धुआं कला में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही 53 पट्टे वितरित किए एवं 10 प्रकरणों में नाम शुद्धिकरण के आदेश पारित किये। उक्त 10 प्रकरण न्यायालय में काफी समय से लंबीत चल रहे थे जिनको कैंप में मौके पर नियमानुसार निस्तारित किया गया। इसी प्रकार धुआं कला में लादू लाल बलाई की मृत्यु के पश्चात उसका राशन कार्ड बंद हो गया था। जिस कारण लादु बलाई की बेवा भूरी देवी को काफी परेशान होना पड़ता था। उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही भूरी देवी का राशन कार्ड बनवा कर राहत प्रदान की। राशन कार्ड चालू करवाने का आश्वासन मिलते ही भूरी देवी ने सरकार सहित अधिकारियों को बहुत आशीष दी।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीजों को वितरित किए पोषण किट



खबरों की दुनिया

**देवली।** ग्रामीण सेवा शिविर के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत धुवांकला में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत धुवांकला नायब तहसीलदार मेघा गुप्ता ने 8 मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित किए। चिकित्सा अधिकारी कुलदीप पालीवाल ने बताया कि पोषण किट वितरण के साथ मरीजों को मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके उपचार की प्रक्रिया और सरल हो सके। शिविर में खेमराज चौधरी नर्सिंग ऑफिसर (डॉट्स ब्लॉक सुपरवाइजर), महेश कुमार मेहरा डॉट्स प्रभारी देवड़ावास ने 12 निक्षय मित्र बनाए।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी मेघा गुप्ता नायब तहसीलदार धुवांकला देवली, रंगलाल सांवरिया सरपंच, घासीलाल सैनी उपसरपंच, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नीलम त्रिपाठी नर्सिंग ऑफिसर, कांता वैष्णव, इंद्रा देवी प्रसविका, मेघा शर्मा लैब टेक्नीशियन, भैंरूलाल साहू तथा आशा सहयोगिनियाँ उपस्थित रहीं।

## केंद्रीय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई



खबरों की दुनिया

**देवली।** केन्द्रीय विद्यालय देवली में चल रहे हिन्दी पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के माल्यार्पण, वन्दन के पश्चात दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। हिन्दी दिवस पर प्राचार्य नवरतन मित्तल ने सभी को राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अध्यापक डीआर मीणा ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रेषित प्रतिज्ञा दिलाई। कमलेश वैष्णव ने केवी संगठन की आयुक्त एवं शिक्षा मंत्री द्वारा प्रेषित अपील को सुनाया। शिक्षिका दीप्ति गुप्ता, संयोजक एवं निर्णायक सौभाग मल बैरवा, कमलेश वैष्णव एवं सुमन ने बताया कि हिन्दी पखवाड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं को कक्षानुसार एवं सदनानुसार आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी में हिंदी साहित्य की विभिन्न विद्याओं से संबंधित पुस्तकें जैसे उपन्यास, कहानी संग्रह, कविता संग्रह, जीवनी, नाटक, बाल साहित्य तथा संदर्भ पुस्तकें प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर छात्रों को प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', हरिवंश राय बच्चन और समकालीन लेखकों की रचनाओं से अवगत कराया गया। समापन समारोह में प्राचार्य नवरतन मित्तल ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

### कशीदे के कारखाने में तोड़फोड़ के बाद गुस्साए लोगों ने किया घंटाघर पर प्रदर्शन करके लगाया जाम

# अजीत सिंह मेहता ने दोषी आरोपियों की गिरफ्तारी करके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की







### पुलिस ने पूर्व विधायक मेहता को घटनास्थल जाने से रोका - अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा- ऐसा कोई विवादित वीडियो नहीं मिला

खबरों की दुनिया

**टोंक।** कोतवाली टोंक पुलिस थानांतर्गत शुक्रवार की रात को एक समुदाय विशेष के लोगों ने अपने नबी के खिलाफ की गई टिप्पणी का वीडियो वायरल किए जाने का आरोप लगा करके रामलाल सैनी के कशीदे के कारखाने में मशीनों तथा मोटर साईकिल में तोड़फोड़ की थीं।

इस घटना से गुस्साएं एक समुदाय विशेष लोगों ने घंटाघर पर करीबन तीन घंटे से अधिक जाम लगा करके प्रदर्शन किया। जिनका कहना था कि पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दिया जाएं साथ ही रात की घटना में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएं। पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने कहा कि जिन लोगों ने रात को इस घटना को अंजाम दिया है उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएं साथ ही नुकसान की भरपाई की जाएं। वहीं दूसरी तरफ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि अभी तक ऐसी कोई वीडियो उपलब्ध नहीं कराई गई है जिसमें कोई विवादास्पद टिप्पणी हो।

वहीं मुस्लिम समुदाय के आंदोलन की अगुवाई कर रहे कासिफ जुबैरी ने भी शनिवार को एक वीडियो जारी करके टोंक में शुक्रवार की रात को वीडियो वायरल होने को सिर्फ़ झूठ और फेक न्यूज़ बताया है।

उन्होंने कहा है कि नबी की शान में कोई ग़ुस्ताखीं नहीं हुई है। हमे ऐसी कोई भी पोस्ट नहीं मिली है ना ही कोई तथ्य इस तरह का मौजूद है। उन्होंने सभी से अफ़वाहो पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात को अचानक मुस्लिम समुदाय के नबी की शान के खिलाफ टिप्पणी के वीडियो वायरल होने की अफवाह फैली जिससे नाराज सैकडो लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जिन्होंने वहीं रामलाल माली की कशीदे के कारखाने में घुस करके मशीनें, कम्प्यूटर तथा मोटर साईकिल में तोड़फोड़ करके नुकसान पहुंचाया गया। पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने बताया कि वह रात को घटना स्थल जा रहे थे जिस दौरान जनाना अस्पताल के समीप पुलिस अधिकारी ने माहौल खराब होने की बात करते हुए जाने से रोक दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने रात की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।





शनिवार को सैकडो लोग सरकारी डाक बंगला से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाल करके घंटाघर पहुंचे। जहां पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, माली समाज टोंक के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, पांचू लाल सेनी, तनीशा की अगुवाई में जाम लगा दिया। जिस दौरान एसडीएम हुकमीचंद, एडिशनल एसपी बृजेंद्र सिंह भाटी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी ने समझाईश की तथा वार्ता की लेकिन बात नहीं बन पाई। वहीं पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया भी पहुंचे बाद में तनीशा की अगुवाई में सैकड़ो लोग वहीं मौजूद रहे तथा नारेबाजी की। जिस दौरान तेज बारिश शुरू हो गई उसके बावजूद आक्रोशित लोगों की भीड़ मौजूद थी। जिनकी मांग है कि जिला प्रशासन कशीदे के कारखाने में की गई तोड़फोड़ के आरोपियों को गिरफ्तार करके कड़ी कार्रवाई की जाएं तथा नुकसान की भरपाई किए जाने साथ ही हिंदू श्मशान के रास्ते में किए गए अतिक्रमण को हटाने का लिखित में आश्वासन दें।

जिस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी, कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव, उदयवीर सिंह, मेहंदवास पुलिस थानाधिकारी ओमप्रकाश सहित पुलिस जाप्ता तैनात था।

## आक्रमण के समय हमलावर से बचने के तरीके सिखाएं

खबरों की दुनिया



**देवली।** राजकीय महाविद्यालय देवली में महिला प्रकोष्ठ एवं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के दौरान महिला कांस्टेबल ने छात्राओं को हमलावर से बचने के तरीके सिखाए। प्राचार्य डॉ पूरणमल वर्मा ने बताया कि 15वें दिन देवली थाने की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबल रजिया बानो एवं गायत्री चौधरी ने छात्राओं को सिखाई गयी आत्मरक्षा तकनीकों का परीक्षण करते हुए टाइगर पंच तथा अत्यन्त महत्वपूर्ण पिकोक अटैक, मिडिल पंच, एज आफ द हैंड से हमलावर पर बचाव के दौरान आक्रमण करने की तकनीक का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान राजस्थान सरकार महिला अधिकारिता विभाग की अधिवक्ता रश्मि वर्मा ने सेक्सुअल हैरेसमेंट एवं मानवाधिकार के सम्बन्ध में छात्राओं को विधिक जानकारी दी। उन्होंने कहा यौन उत्पीड़न न केवल व्यक्तिगत गरिमा और स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन भी है। उन्होंने भारतीय संविधान, मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की प्रासंगिकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र नोडल प्रभारी डॉ. ज्योति गुप्ता एवं सदस्य डॉ. वंदना यादव ने किया। कालेज के आसिफ ने बताया कि द्वितीय बैच के लिए राजकीय महाविद्यालय, निजी महाविद्यालय, घरेलू महिलाएं, कामकाजी महिलाएं सभी आवेदन कर सकतीं हैं। इसके लिए महाविद्यालय में संयोजक सहायक आचार्य डॉ ज्योति गुप्ता एवं डॉ. वन्दना यादव से सम्पर्क कर सकतें हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क है तथा प्रशिक्षण में 80 प्रतिशत उपस्थिति होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

## एम्स पब्लिक स्कूल में हुआ गुरु वन्दन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम





खबरों की दुनिया

**टोंक।** शनिवार को एम्स पब्लिक स्कूल, लहन टोंक में गुरु वन्दन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत भारत विकास परिषद टोंक से पधारे रामप्रसाद, राधेश्याम एवं महेश शर्मा ने भारत विकास परिषद संस्था का परिचय देते हुए संस्था के गठन का महत्व उद्देश्य एवं कार्य को प्रोग्राम के माध्यम से बताया।

साथ ही साथ स्कूल के बच्चों के अनुशासन को देखकर प्रशसा की तथा स्कूल के प्रिंसिपल स्नेहलता शर्मा, अध्यापको ओर बच्चों को सम्मानित किया। स्कूल प्रिंसिपल स्नेहलता शर्मा ने संस्था में पधारे हुए अथिति रामप्रसाद, राधेश्याम एवं महेश शर्मा का स्वागत व सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यालय में महेंद्र गढ़वाल, राहुल पंचोली, नीतीश सैनी, अशोक सैनी, दीपक सैनी, नीलोफर, यूसरा खान, रचना मैम, सना परवीन, दिया वासवानी, आरती महावर, खुशबू महावर, कोमल एवं शिवानी मेम, रामदयाल गुर्जर, अशोक, समस्त अध्यापकगण एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## टोंक में फिर से बढ़ाई बीसलपुर से पानी की निकासी

**टोंक।** बीसलपुर बांध में पानी की आवक बढ़ने से एक बार फिर से पानी निकासी बढ़ाई गई है। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे बांध के दोनों गेटों को डेढ़ डेढ़ मीटर खोलकर उनमें से प्रति सेकेंड 18030 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में की जा रही है। शनिवार को भी इसी मात्रा में बनास नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। बांध का एक गेट 24 जुलाई को खोला गया था। उसके बाद तीन बार छह गेट तक खोले जा चुके है। वहीं एक बार 8 गेट भी खोले जा चुके है। फिर सप्ताह भर पहले बांध में पानी की आवक कम पड़ने से एक गेट से पानी निकासी की जा रही थी।

## शनिवारीय एक्टिविटी के रूप में मॉडल स्कूल में हुआ फन गेम का आयोजन



खबरों की दुनिया

**देवली।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल देवली में शनिवारीय एक्टीविटी के रूप में आज फन गेम का आयोजन किया गया, जिसके तहत बोरी दौड़, चम्मच दौड़, तीन टांग दौड़ व जलेबी रेस का आयोजन हुआ। एक्टिविटी प्रभारी जसवीर वर्मा ने बताया कि इसमें चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस फन गेम प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक कर्ता के रूप में अरुण शर्मा व हितेंद्र सिंह रहे। रामकृष्ण हाउस के विजेता और द्वितीय नरेंद्र हाउस उप विजेता रहे। प्रधानाचार्य नरेश कुमार मीणा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और खेलों को जीवन का मुख्य आधार बताया।

## जीवन में हेय ओर उपादेय के समीचीन ज्ञान से जीवन का निर्माण होता हैं ध्यान में जीवन का सार है : आचार्य वर्धमान सागर

खबरों की दुनिया






**टोंक।** आचार्य वर्धमान सागर के सानिध्य में प्रथम पट्टाचार्य वीर सागर का 68वा अंतर विलय समाधि वर्ष विशेष पूजन और गुणानुवाद सहित रविवार को मनाया जाएगा। आचार्य ने उपदेश में बताया कि हम सभी का परम सौभाग्य है कि हम सब ने श्रीमद् जैन धर्म को प्राप्त किया है, जिसमें देव, शास्त्र, गुरु आते हैं। देव अर्थात भगवान के बाद गुरु का स्थान है, भगवान की वाणी शास्त्रों के रूप में हमारे सामने है। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र रत्नत्रय धर्म का पालन श्रीमद् जैन धर्म में किया जाता है। इसके बिना हम शाश्वत सुख शांति प्राप्त नहीं कर सकते हैं। भौतिक इंद्रीय सुख स्थाई नहीं है पुरुषार्थ के बाद भी दुख ही मिलता है। हेय और उपादेय का जीवन में चिंतन जरूरी है, हेय अर्थात छोड़ना उन्हें छोड़ने के बजाय आप जोड़ रहे हैं। उपादेय का अर्थ ग्रहण करना। श्रीमद् जैनधर्म में हेय और उपादेय का विवेक जीवन में होना चाहिए इसी में जीवन के निर्माण की कहानी निहित है। यह मंगल देशना पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने अतिशयक्षेत्र टोंक नगर की धर्मसभा में प्रथमाचार्य शांति सागर प्रवचन माला में प्रकटकी। राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य ने आगे बताया कि आचार्य शांति सागर के पूर्वज पाटिल और देसाई की उपाधि को प्राप्त थे पाटिल और देसाई को न्याय और सजा देने का विशेष अधिकार होता है। प्रथमाचार्य शांति सागर जी ने गृहस्थ अवस्था बचपन से जीवन में नीति, धर्म दया, करुणा, दान स्वाध्याय ध्यान को बचपन से अपनाया। खेत में दया धर्म से पक्षियों के पानी या पशुओं बैलों के बदले स्वयं खेत को हलना जोतना यहां तक की खेत से चोरी करने वाले चोर को भी फसल ले जाते हुए नहीं रोका। आप आचार्य पद में भी जैन धर्म के अलावा आपके उपदेश का अन्य धर्म के लोगों ने भी लाभ उठाकर मांसाहार और शराब का आजीवन त्याग किया। कमल सराफ अनुसार आचार्य ने बताया कि धर्म सभा मंदिरों में भी पंखे कूलर एसी के बिना आप धार्मिक क्रिया नहीं कर सकते जबकि दिगंबर साधु इसके बिना तप ध्यान करते हैं कुछ ही दिन पूर्व भीषण गर्मी में मुनि चिन्मय सागर की तप साधना आप सब ने देखी है। मंदिर के शांति सागरजीकी प्रतिमा ध्यान मंदिर निर्माणाधीन हैं ध्यान आत्मा का अंग हैं जीवन में आड़े अर्थी के बजाय खड़े खड़े दीक्षा लेने में जीवन की सार्थकता है। समाज प्रवक्ता पवन ओर विकास ने बताया कि आचार्य के प्रवचन के पूर्व आर्यिका देशना मति का प्रवचन हुआ। प्रतिदिन अनेक नगरों से भक्त आचार्यश्री के दर्शन हेतु पधार रहे हैं जयपुर नगर से भी अनेक भक्त पधारे। उन्हें आचार्य की पूजन का लाभ मिला वात्सल्य वारिधि वर्धमान वर्षायोग समिति के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मचंद दाखिया मंत्री राजेश सर्राफ एवं प्रवक्ता पवन कंटान ने बताया की 20वीं सदी के दिगंबर जैन प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती शांति सागर महाराज आचार्य पद प्रतिष्ठा शताब्दी समारोह 2024-25 दिनांक 2 अक्टूबर एवं 3 अक्टूबर 2025 को पंचम पट्टादिश परम पूज्य वात्सल्य वारिधि आचार्य 108 वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में Rn गार्डन रजके वाले बाबा महावीर नगर में धूमधाम से मनाया जायगा। जिसकी तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी गई।

सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता- इस्लामिक नाटो की नींव या नया भू-राजनीतिक संतुलन?

# भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी कि वह सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ अपने रिश्तों को बनाए रखे

## यह डील भारत की विदेश नीति के लिए नई चुनौती लेकर आएगी?



एडवोकेट किशन
सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को रियाद में ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया है। इसके तहत किसी एक देश के खिलाफ किसी भी आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी के इस समझौते में कुछ और देशों के आने की चर्चा है।जियो न्यूज में पाक रक्षामंत्री से पूछा गया कि क्या दूसरे अरब देश भी इस समझौता का हिस्सा बन सकते हैं। इसपर उन्होंने कहा कि मैं इसका जवाब समय से पहले नहीं दे सकता लेकिन मैं यह जरूर है कि दरवाजे खुले हैं।सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौता केवल द्विपक्षीय सहयोग की औपचारिकता नहीं, बल्कि मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया की भू- राजनीतिक दिशा बदलने वाला एक ऐतिहासिक कदम हो सकता है। यह समझौता इस्लामिक वर्ल्ड में एक प्रकार के सामूहिक सुरक्षा ढांचे की कल्पना को जन्म देता है,जिसे कई विश्लेषक इस्लामिक नाटो की शुरुआत मान रहे हैं।समझौते के तहत यह प्रावधान किया गया है कि किसी एक देश पर हमला पूरे समझौता ढांचे पर हमला माना जाएगा। इस प्रकार यह सुरक्षा गारंटी दोनों देशों के रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी में बदलती है। मुस्लिम देशों के बीच लंबे समय से यह बहस चल रही है कि क्या उन्हें भी यूरोप की तरह सामूहिक रक्षा तंत्र अपनाना चाहिए। ओआईसी (आर्गेनाइजेशन ऑफ़ इस्लामिक कोआपरेशन) में इस पर कई बार चर्चा हुई, लेकिन ठोस कदम कभी नहीं उठाए गए।अब सऊदी-पाक रक्षा समझौते ने इस विचार को वास्तविकता के करीब ला दिया है।पाकिस्तान, जो कि इस्लामिक वर्ल्ड की अकेली परमाणु शक्ति है,और सऊदी अरब,जो कि आर्थिक और धार्मिक नेतृत्व रखता है, का एक होना मुस्लिम दुनियाँ के लिए आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह संदेश भी दिया गया है कि मुस्लिम राष्ट्रों को मिलकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना एक मौलिक अधिकार है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि भारत, सऊदी अरब अमीरात व खाड़ी देशों के साथ प्रगाढ़या संबंधों को बनाए रखने के लिए विदेश नीति को और मजबूत बनाने की ज़रूरत है। यह पूरी जानकारी मीडिया से उठाई गई है जो पिछले दो दिनों से सभी चैनलों और सोशल मीडिया पर चल रहा है।

साथियों बात अगर हम यह समझौता भारत के लिए चुनौती या अवसर? की करें तो भारत इस समझौते को मिश्रित भाव से देख रहा है।एक ओर,भारत और सऊदी अरब के संबंध बेहद मज़बूत हैं,ऊर्जा आपूर्ति, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और जी20 सहयोग से लेकर निवेश तक। दूसरी ओर, पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। यदि सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ रक्षा गारंटी समझौते में शामिल होता है, तो भारत को आशंका होगी कि कहीं भविष्य में इस्लामिक रक्षा तंत्र भारत के खिलाफ इस्तेमाल न हो।खासकर कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को हमेशा इस्लामिक देशों से राजनीतिक समर्थन मिलता रहा है। हालांकि सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में संतुलित रुख अपनाया है, परंतु भारत के रणनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह डील भारत की विदेश नीति के लिए नई चुनौती लेकर आएगी।भारत और सऊदी अरब के संबंध पिछले दशक में ऐतिहासिक ऊँचाई पर पहुंचे हैं। भारतीय पीएम और सऊदी क्राउन



प्रिंस के बीच हुई साझेदारियों में ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सहयोग और रक्षा उद्योग शामिल हैं। भारत सऊदी अरब के लिए एक भरोसेमंद आर्थिक पार्टनर है। हालांकि पाकिस्तान-सऊदी रक्षा डील भारत-सऊदी रिश्तों को पूरी तरह कमजोर नहीं करेगी, परंतु उसमें रणनीतिक अविश्वास का तत्व ज़रूर जोड़ देगी। भारत यह देखना चाहेगा कि क्या यह समझौता केवल आतंकवाद और क्षेत्रीय खतरों से लड़ने के लिए है, या भविष्य में यह किसी विशेष देश (अप्रत्यक्ष रूप से भारत) के खिलाफ प्रयोग किया जा सकता है?

साथियों बात अगर हम इस रक्षा समझौते में अमेरिका की भूमिका पर सवाल पर विश्व की नजरों की करें तो, इस समझौते के समय और पृष्ठभूमि को देखते हुए यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या अमेरिका का इसमें कोई हाथ है। पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी प्रतिनिधियों की कई मुलाकातें सऊदी और पाक नेतृत्व से हुई हैं। अमेरिका की रणनीति अक्सर यह रही है कि वह मध्य पूर्व में शक्ति संतुलन बनाए रखे। ईरान का बढ़ता प्रभाव, चीन-सऊदी नज़दीकियां, और पाकिस्तान की आर्थिक अस्थिरता को ध्यान में रखते हुए वॉशिंगटन शायद इस समझौते को अप्रत्यक्ष समर्थन दे रहा हो। अमेरिका का हित यह है कि सऊदी अरब उसके सुरक्षा तंत्र में बना रहे और पाकिस्तान उसके भू-राजनीतिक समीकरण से पूरी तरह चीन के पाले में न चला जाए। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका का परोक्ष सहयोग या प्रोत्साहन इस समझौते के पीछे हो सकता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तर परइस्लामिक नाटो का विचार और संभावित प्रभाव की करें तो,यदि मुस्लिम राष्ट्र मिलकर एक सैन्य ढांचा खड़ा करते हैं तो यह सीधे-सीधे नाटो और यूरोपीय संघ जैसी व्यवस्था की झलक देगा। पहले भी इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्मकोएलिशन (आईएमसीटीसी) नाम से 34 मुस्लिम देशों का गठबंधन बना था, लेकिन वह सक्रिय नहीं रह सका। इस बार पाकिस्तान और सऊदी की जोड़ी इसे नई ऊर्जा दे सकती है।

यदि यह ढांचा मज़बूत हुआ तो यह पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना बदल देगा। ईरान, तुर्की, कतर और मिस्र की भूमिका इसमें निर्णायक होगी। यूरोप और अमेरिका के लिए यह चुनौती होगी कि उनके सामने एक नया सुरक्षा ब्लॉक खड़ा हो जाए, जो ऊर्जा संसाधनों और सामरिक स्थिति की वजह से बहुत प्रभावशाली होगा।

साथियों बात अगर हम यूरोप और पश्चिम के लिए नई चुनौती वह चीन की प्रतिक्रिया की करें तो यूरोपीय संघ और नाटो अब तक मुस्लिम दुनिया को अलग-अलग देशों के रूप में देखते रहे हैं।

यदि इस्लामिक रक्षा ढांचा अस्तित्व में आता है, तो यूरोप के सामने एक संगठित सैन्य-राजनीतिक शक्ति खड़ी होगी।

यह चुनौती खासकर ऊर्जा सुरक्षा, हथियार बाज़ार और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए होगी। यूरोप और अमेरिका को अपने पारंपरिक सुरक्षा प्रदाता की भूमिका पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। साथ ही,यह भी संभव है कि इस्लामिक ब्लॉक रूस और चीन के साथ नए समीकरण बनाए, जिससे पश्चिम की भू-राजनीतिक पकड़ और कमजोर होगी।

चीन और रूस की प्रतिक्रिया-चीन और रूस इस विकास को अपने हितों के अनुसार देखेंगे। चीन पाकिस्तान का पारंपरिक साझेदार है और सऊदी अरब के साथ भी उसके गहरे आर्थिक रिश्ते हैं। यदि इस्लामिक सुरक्षा तंत्र बनता है तो चीन उसे आर्थिक और कूटनीतिक समर्थन दे सकता है ताकि अमेरिका का दबदबा कमजोर हो।

रूस भी इसे पश्चिमी गठबंधनों के मुकाबले एक नया मंच मानकर ऊर्जा और हथियारों के सौदों के जरिए इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करेगा।

साथियों बात अगर हम भारत की कूटनीतिक रणनीति की करें तो भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी कि वह सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ अपने रिश्तों को बनाए रखे।

भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान-सऊदी रक्षा समझौते का भारत-सऊदी साझेदारी पर नकारात्मक असर न पड़े। इसके लिए भारत को ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों के हित और निवेश संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

साथ ही, भारत को अमेरिका, यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे साझेदारों के साथ अपनी रणनीतिक समझ बढ़ानी होगी ताकि किसी संभावित इस्लामिक नाटो के दबाव को संतुलित किया जा सके।

साथियों बात अगर हम क्षेत्रीय समीकरण- ईरान और तुर्की की भूमिका की करें तो,ईरान इस समझौते को संदेह की निगाह से देखेगा क्योंकि सऊदी अरब और पाकिस्तान दोनों ही ऐतिहासिक रूप से उसके प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। तुर्की अपने इस्लामिक नेतृत्व के दावे के चलते इसमें शामिल होने या न होने को लेकर दुविधा में रहेगा।


यदि यह गठबंधन सुन्नी मुस्लिम देशों तक सीमित रहता है तो यह इस्लामिक वर्ल्ड में नई खाई भी पैदा कर सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे नया भू-राजनीतिक अध्याय, सऊदी अरब और पाकिस्तान का यह रक्षा समझौता न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे मुस्लिम वर्ल्ड, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन के लिए दूरगामी प्रभाव डालेगा।

यह इस्लामिक नाटो जैसी संरचना की शुरुआत भी हो सकता है और साथ ही भारत जैसे देशों के लिए कूटनीतिक चुनौतियाँ भी पैदा करेगा। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह कदम एक नए अध्याय की तरह है, जिसका असर आने वाले दशकों तक महसूस किया जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# जीवन की सार्थकता-समाजिक कल्याण और परमार्थ, सदैव अग्रसर होना जीवन का संदेश



संजीव ठाकुर
लेखक व चिंतक

मनुष्य में उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिक परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है।

शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।

इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी।

व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है।

कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है।

जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए।

जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए।

मनुष्य के जीने की स्वच्छंद प्रवृत्ति केवल मनुष्य को आनंद एवं आम संतोष प्रदान कर सकती है पर ईश्वर के बनाए मनुष्य की परिणति सर्वथा इसके विपरीत है, मनुष्य को सदैव प्रयत्नशील होकर मानवीय संवेदनाओं को सहेज कर जगत के कल्याण के बारे में तन मन धन से प्रयास करना चाहिए तभी मनुष्य के जीने का लक्ष्य संपूर्ण रूप से प्राप्त हो सकता है।

विभिन्न चिंतकों का मानना है कि जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब अलग-अलग किरदार की तरह उसे निभाते चले जाते हैं। पर इस किरदार को निभाने में सच्चाई ईमानदारी प्रयत्नशीलता एवं संघर्षों के प्रति साहस जिंदगी को रुचिकर बनाकर आगे बढ़ने के प्रयास को द्विगुणित करते हैं। वैसे जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही सिक्के के दो पहलू हैं और सफलता तथा असफलता को एक ही ही उत्साह से स्वीकार करने वाला व्यक्ति सफल व्यक्तित्व का मालिक हो सकता है। जीवन में यदि लोभ,कामना,स्पृहा, लालच से यदि बचकर आगे बढ़ा जाए तो जीवन सात्विक तौर पर दार्शनिक जीवन माना जा सकता है पर ऐसे जीवन में आर्थिक तंत्र अत्यंत मजबूत हो इसकी कोई निश्चिंतता का कोई निश्चित परिणाम नहीं होता है।

इसीलिए मनुष्य को सदैव आध्यात्मिक चिंतन,मनन, धर्म, संस्कृति और आर्थिक लाभ से सामंजस्य बनाकर समाज के निचले तबके के व्यक्ति के लिए समर्पित जीवन ही एक जीवन के मूल उद्देश्य का परिणाम हो सकती है। जीवन को रंगमंच की तरह जीने वाले और ऐसे नजरिया को अपनाने वाले व्यक्ति को क्षणवादी माना जा सकता है जो जीवन के प्रत्येक क्षण को पूर्णता वादी नजरिए से देखते हैं ऐसे ही लोग परिवर्तन को सबसे बड़ा सत्य मानते हैं और इनका उद्देश्य परिवर्तन ही सबसे बड़ा परिवर्तनशील कारक होता है।

जीवन में आने वाला हर पल अनिश्चित होता है इसका यह कतई आशाय नहीं है कि हम अपने आप को भाग्य के भरोसे छोड़ दें और कर्म को त्याग दें।

यह निश्चित तौर पर सत्य है कि कर्म और भाग्य दोनों समानांतर चलने वाली प्रक्रिया है और कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति में इन दोनों का सामंजस्य पूर्वक संतुलन बनाकर उपयोग मनुष्य के जीवन की प्राप्ति का एक साधन बन सकता है।

कर्म के साथ परिणामों को बहुत महत्व दिए जाने की आवश्यकता नहीं है यदि परिणाम व्यक्ति के अनुरूप नहीं होते तो निराशा की संभावना ज्यादा बलवती होती है इन परिस्थितियों में जीवन में सदैव कर्मशील रहकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन को निरंतर चलाएं मान गतिमान रखने का अथक तथा निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए तब ही आप अपने जीवन के सद उद्देश्यों की प्राप्ति कर सकते हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# ऑस्कर की दौड़ में भारत की नई पहचान–'होमबाउंड' जब गाँवों की अनसुनी आवाज बनी ऑस्कर की दावेदार



प्रो. आर के जैन
लेखक

एक ऐसी कहानी जो दिल को छू ले, जो समाज की गहराइयों में उतरे और इंसानियत की गर्माहट को सामने लाए–नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड ने यही कर दिखाया है।

यह फिल्म न केवल भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक जटिलताओं को उजागर करती है, बल्कि इसे 2026 के एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर श्रेणी के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना जाना इसके वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। कान फिल्म फेस्टिवल में नौ मिनट तक गूंजती तालियों ने इसकी कहानी की ताकत को पहले ही दुनिया के सामने रख दिया था। यह फिल्म न केवल सिनेमाई कला का नमूना है, बल्कि उन अनकही कहानियों का दर्पण है जो भारत के गाँवों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की सच्चाई को बयां करती हैं।

फिल्म की प्रेरणा न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित पत्रकार बशारत पीर के लेख टेकिंग अमृत होम से मिली, जिसमें कोविड महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की हृदयविदारक त्रासदी को उजागर किया गया–लाखों लोग बिना साधनों के, सैकड़ों-हजारों किलोमीटर पैदल चलकर अपने गाँवों की ओर लौटे।

लेकिन नीरज के लिए इस कहानी का असली सार था एक मुस्लिम और एक दलित लड़के की बचपन की दोस्ती, जो सामाजिक और जातिगत बंधनों को तोड़कर इंसानियत की मिसाल बनती है। नीरज ने इस दोस्ती को फिल्म की आत्मा बनाकर, एक ऐसी सिनेमाई भाषा गढ़ी जो भावनाओं को गहराई से छूती है और सामाजिक संदेश को प्रभावशाली ढंग से सामने लाती है।

होमबाउंड की आत्मा में बसते हैं दो किरदार–मोहम्मद शोएब अली (ईशान खट्टर) और चंदन कुमार (विशाल जेठवा)–जो समाज की तथाकथित निचली पायदान से उठकर अपने सपनों के पीछे भागते हैं।

दोनों का एक ही ख्वाब है: अपने राज्य की पुलिस फोर्स में शामिल होकर जातिगत और सामाजिक दीवारों को ध्वस्त करना और एक नई, सम्मानजनक पहचान गढ़ना। इन किरदारों के जरिए नीरज घेवान उन अनगिनत चेहरों की कहानी बुनते हैं, जो सदियों से भेदभाव, उपेक्षा और सामाजिक तिरस्कार का दंश झेलते आए हैं।

जाह्नवी कपूर का किरदार, जो इन पुरुष किरदारों के साथ अपने रिश्तों और अनुभवों से कहानी को गहराई देता है, एक ऐसी स्त्री की आवाज बनता है जो अपने अस्तित्व को तलाशती है। यह फिल्म केवल एक कहानी नहीं, बल्कि समाज के हाशिए पर धकेल दिए गए लोगों का एक मार्मिक और सशक्त घोषणापत्र है, जो उनकी पीड़ा, संघर्ष और आशा को जीवंत करता है।

नीरज घेवान का निर्देशन हमेशा संवेदनशीलता और साहस का संगम रहा है। उनकी पहली फिल्म मसान ने 2015 में कान फिल्म फेस्टिवल के अन सर्टन रिगार्ड खंड में प्रदर्शन के साथ प्रोमिसिंग फ्यूचर प्राइज जीतकर विश्व सिनेमा में अपनी धाक जमाई थी। बनारस की पृष्ठभूमि में रची मसान ने प्रेम, दुख और जातिगत व्यवस्था की जटिलताओं को गहरी संवेदना के साथ उकेरा था, जहां विक्की कौशल ने गंगा किनारे शवों का दाह संस्कार करने वाले परिवार के एक युवा की पीड़ा को जीवंत किया।

होमबाउंड उसी विरासत को आगे बढ़ाती है, लेकिन कोविड महामारी की अनिश्चितता और मानवीय संवेदनाओं को और गहराई से उजागर करती है।

यह फिल्म सामाजिक संरचनाओं पर तीखे सवाल उठाती है और साथ ही मानवता की उस लौ को जलाए रखती है, जो विषम परिस्थितियों में भी उम्मीद की किरण बनकर उभरती है।

होमबाउंड ने 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टन रिगार्ड खंड में प्रीमियर के साथ इतिहास रचा, जहां दर्शकों ने नौ मिनट तक तालियों से इसका स्वागत किया, जो नीरज घेवान की कहानी कहने की कला और फिल्म की गहनता का प्रमाण है।

करण जौहर, ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर की मौजूदगी ने इसे दक्षिण एशियाई सिनेमा का ऐतिहासिक क्षण बनाया। हॉलीवुड दिग्गज मार्टिन स्कॉर्सेसे का कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ना फिल्म की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

मसान से प्रभावित स्कॉर्सेसे ने होमबाउंड की आत्मा को गहराई से महसूस किया और इसके संपादन-निर्माण में अपनी विशेषज्ञता से इसे और निखारा।

होमबाउंड केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक जीवंत सामाजिक दस्तावेज है, जो भारत के ग्रामीण परिदृश्य की सर्दियों की गुनगुनी धूप-सी कोमल, फिर भी गहरी और प्रभावशाली है। उत्तर भारत के देहाती अंचलों में फिल्माई गई यह कृति मुस्लिम और दलित किरदारों की रोजमर्रा की जिंदगी, उनकी छोटी-छोटी खुशियों और अंतहीन संघर्षों को बारीकी से उकेरती है।

नीरज घेवान का मानना है कि हिंदी सिनेमा में गाँवों की कहानियाँ और हाशिए के समुदायों की आवाजें अक्सर अनसुनी रह जाती हैं, जिन्हें आंकड़ों की ठंडी दुनिया में समेट दिया जाता है।

होमबाउंड इन आंकड़ों को चेहरा देती है, उनकी कहानियों को आत्मा देती है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों को भावनाओं के समंदर में डुबोती है, और साथ ही उन्हें सामाजिक असमानताओं पर गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित करती है।

नीरज घेवान की दलित पहचान होमबाउंड में गहरी संवेदना के साथ उभरती है, जो उनकी कहानी कहने की आत्मा को और प्रखर बनाती है। उन्होंने साझा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में वे शायद इकलौते दलित फिल्मकार हैं, जो कैमरे के पीछे और सामने दोनों जगह अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

यह पहचान उनके लिए एक जिम्मेदारी और प्रेरणा दोनों है। उनके बचपन के मुस्लिम दोस्त असगर की यादें इस फिल्म में अली और चंदन की दोस्ती के रूप में जीवंत हो उठती हैं, जो सामाजिक बंधनों को तोड़कर मानवीय रिश्तों की सच्चाई को उजागर करती है।

फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया को 2025 में ऑस्कर के लिए 24 फिल्मों के आवेदन मिले, जिनमें से होमबाउंड ने अपनी गहन कहानी और सांस्कृतिक गहराई के बल पर भारत का प्रतिनिधित्व हासिल किया।

यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा की वैश्विक ताकत का प्रतीक है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने इस फिल्म को भारत की आवाज बनने पर गर्व महसूस किया। नीरज के शब्दों में, होमबाउंड उनकी जड़ों और देश के प्रति प्रेम का प्रतीक है, जिसमें घर की खुशबू समाई है। होमबाउंड केवल सिनेमा नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आह्वान है। यह कोविड महामारी की त्रासदी को उजागर करती है, साथ ही दिखाती है कि संकट जाति, वर्ग या धर्म की दीवारों को नहीं देखता।

यह फिल्म हाशिए पर जीने वाले समुदायों की अनसुनी आवाजों को मंच देती है, दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है और सामाजिक बदलाव की उम्मीद जगाती है। नीरज घेवान की यह कृति भारतीय और वैश्विक सिनेमा में एक मील का पत्थर है, जो न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि समाज को आईना दिखाती है और मानवता की नई परिभाषा गढ़ती है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

### नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने कैंप का लिया जायजा

## कैंप में आए लोगों के कार्यों का मौके पर हो निस्तारण : खुशबू सिंह



खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** पंचायत समिति में लग रहे शहरी सेवा कैंप का नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने जायजा लिया और सभी स्टालों का निरीक्षण करते कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। शनिवार को पंचायत समिति में लगे शहरी सेवा शिविर का औचक जायजा लेने के लिए नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह पहुंची जहां उन्होंने कैंप के बारे में जानकारी लेते हुए स्टालों पर हो रहे कार्यों की प्रगति के बारे में पूछा। इस दौरान सभापति सिंह ने कहा कि कैंप में आए हुए लोगों के कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया जाए और सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किए जाएं। सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कैंप में ज्यादा से ज्यादा लोग आए और अपने कार्यों को करवाए जिससे वे लाभान्वित हो सके। इस दौरान नगर परिषद के कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान मेगा शिविर

# शिविर में दो हजार से अधिक टीबी रोगियों को मिली पोषण किट, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित टीबी क्लिनिक पर मेगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आमजन को स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गई साथ ही 2 हजार 244 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित की गई ताकि उन्हें उचित आहार और पोषण उपलब्ध हो सके और रोग से शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिले। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड़, जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत सहित जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक




धनखड़ ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं। पोषण किट का उद्देश्य रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है, ताकि वे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान समाज में महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस अभियान की शुरूआत की है। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि निक्षय पोषण योजना केंद्र सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत टीबी रोगी को उपचार अवधि के दौरान एक निश्चित राशि और पोषण किट उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि आज 37 भामाशाहो ने उदारता दिखाते हुए 2 हजार 244 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट प्रदान की है उन्होंने कहा कि इस प्रकार की किट से उन्हें उपचार के साथ संतुलित आहार भी मिलेगा। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गोविंद सिंह मीणा, डीपीसी प्रेम सैनी, शिवचरण कुशवाह, रामप्रसाद अग्रवाल रोहिल सरीन, नरेंद्र तोमर, डॉ. निखिल अग्रवाल अन्य मौजूद रहे।

### 37 निक्षय मित्र बने, बांटी 2 हजार 244 पोषण किट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि निक्षय मित्र योजना सरकार की एक प्रभावी पहल है, जिससे न केवल रोगियों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान शिविर में भामाशाह के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से सचिव संजीव श्रीवास्तव द्वारा 50 किट, रोटरी क्लब द्वारा 50, रेनू भार्गव इनरव्हील क्लब द्वारा 50, टीबी क्लिनिक 50, स्वयं सीएमएचओ डॉ. मीणा ने 30 किट, डॉ. गौरव मीणा ने 25 किट, दर्शन हॉस्पिटल, प्रयास सोनोग्राफी, पूर्वा सोनोग्राफी, श्रीराम नर्सिंग होम सहित 37 से अधिक भामाशाहों द्वारा लगभग 2 हजार 244 पोषण किट का वितरण किया

## महिला और नवजात की मौत पर हंगामा

### परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया आरोप



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** घंटाघर रोड स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर परिजनों ने महिला की अर्थी को रखकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन की वजह से महिला और उसके नवजात की मौत हुई है। परिजनों का आरोप है कि राजवती की डिलीवरी इसी निजी अस्पताल में हुई थी। डिलीवरी के बाद बच्चे की मौत हो गई। महिला की तबियत में सुधार नहीं होने पर अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद परिजन महिला का दाह संस्कार के लिए अर्थी बनाई और निजी नर्सिंग होम ले गए जहां उन्होंने अर्थी रखकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि इनकी लापरवाही की वजह से मौत हो गई है। उधर अस्पताल संचालक वीरेंद्र पोसवाल का कहना है कि 15-16 तारीख को राजवती को भर्ती किया गया था। खून की कमी के कारण उसे खून और प्लेटलेट्स दिए गए। हालत में सुधार न होने पर रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके अस्पताल में न तो डिलीवरी हुई और न ही किसी की मौत हुई। कुछ लोग बीच रास्ते से गुमराह कर लेकर आए हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और महिला के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों की शिकायत के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

## ग्राम बागर में खाद की कालाबाजारी पर जिला कलेक्टर ने मारा स्टोर पर छापा





### एक कमरे में मिले 76 कट्टे

खबरों की दुनिया

**राजाखेड़ा।** उपखंड के ग्राम बागर में खाद यूरिया व डीएपी की काला बाजारी की शिकायतों पर जिला प्रशासन सख्त मूड में नजर आया और एक स्टोर पर छापा मार दिया जहां कट्टे मिले है।

किसान को खेती के लिए खाद के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है और तब भी खाद नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को खाद की कालाबाजारी पर राजाखेड़ा क्षेत्र में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने छापेमार कार्रवाई की है जिसमें बड़ी संख्या में एक कमरे में डी ए पी के कट्टे रखे हुए पाए गए हैं और उन्हें कृषि विभाग द्वारा जब्त भी किया गया है। राजाखेड़ा एसडीएम वर्षा मीणा व कृषि विभाग के अधिकारी देवेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि डी ए पी की कालाबाजारी की सूचना मिली थी जिस पर जिला कलेक्टर व स्थानीय प्रशासन ने राजाखेड़ा के नजदीकी सिंघावली पंचायत के बागर गांव पहुंचा जहां राकेश पुत्र हरिविलास के एक मकान के एक कमरे में 76 कट्टे डीएपी के कट्टे रखे हुए मिले जिन्हें प्रशासन ने संदिग्ध मानते हुए करवाई कि और मौके पर जब्त कर कर सीज करवा दिया गया है। गौरतलब है कि सरकार किसानों को खाद के कट्टे देने के लिए मानस बना चुकी है वहीं कुछ लोगों की मिलीभगत के चलते किसानों को कट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। इसकी शिकायत पर जिला प्रशासन भी सख्त हो गया है और हर जगह निगरानी में लगा हुआ है जिससे खाद के कट्टों की कालाबाजारी न हो सके।

## रोटरी क्लब की गवर्नर ऑफिशल विजिट संपन्न



**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** शनिवार को रोटरी क्लब धौलपुर सिटी की गवर्नर ऑफिशल विजिट आयोजित हुई । जिसके लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की गवर्नर रोटे. निशा शेखावत क्लब के पदाधिकारीयों तथा सदस्यों से रूबरू होने के लिए अजमेर से धौलपुर पधारी। इस ऑफिशियल क्लब विजिट के दौरान गवर्नर निशा शेखावत के नेतृत्व में क्लब द्वारा निक्षय मित्र के रूप में टीबी के मरीजों को पोषण किट बांटी गई, तथा सिटी जुबली हॉल लाइब्रेरी में समाजसेवियों द्वारा जो विकास कार्य कराए जा रहे हैं, उनका भी अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर रोटे. निशा शेखावत ने क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्रदय में मानवता की भावना को रखते हुए पूर्ण ऊर्जा के साथ कार्य करते रहिए, जिससे समाज में अधिक से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि जहां भावना नेक होती है वहां ईश्वर भी साथ देते हैं । क्लब अध्यक्ष गौरव गर्ग ने आश्वासन दिया कि क्लब इसी प्रकार पूर्ण मेहनत और लगन के साथ कार्य करता रहेगा, तथा आगामी समय में अधिक से अधिक प्रोजेक्ट करने का प्रयास करेगा। अंत में सचिव रजत मित्तल ने रोटरी गवर्नर महोदया, अजमेर तथा मुरैना से पधारे सभी रोटरी पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रोटेरियन अतुल कुमार भार्गव, विमल भार्गव, रोहिल सरीन, डॉ अनिल बंसल, डॉ निखिल अग्रवाल, डॉ आशीष शर्मा, निखिल गर्ग, तथा मुरैना से पधारे रोटेरियन आनंद गुप्ता अभय कुमार तथा अन्य मौजूद रहे।

## शहरी सेवा कैंप में किया पी एम स्वनिधि लाभार्थी का ऋण स्वीकृत



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** शहरी सेवा कैंप में भारत सरकार की चल रही फ्लैगशिप योजना पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों को पहली किस्त 15000 दूसरी किस्त 25000 और तीसरी किस्त 50000 का बैंकों के माध्यम से ऋण दिया जा रहा।

उप खंड अधिकारी साधना शर्मा ने पंचायत समिति कैंप में लाभार्थियों को आईडीबीई बैंक के माध्यम से ऋण स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। आयुक्त गुमान सिंह द्वारा पीएम स्वनिधी योजना में ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ देने के लिए कहा। इस मौके पर पी एम स्वनिधि योजना प्रभारी सचिन पांडे ने लोगों को योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर आईडीबीई मैनेजर चिरंजी लाल जूलिया, ईशा सैनी और दीपक उपस्थित रहे।

नगर परिषद से सीओ प्रशान्त शर्मा, संगीता शर्मा, हेमंत शर्मा, राजा खान, इमरान कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपने साथी युवक की हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास

### अपर जिला सेशन न्यायालय धौलपुर ने सुनाया फैसला



**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** करीब 3 साल ढाई माह पुराने हत्या के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला 29 मई 2022 का कोतवाली थाना क्षेत्र धौलपुर का है। जहां मेडिकल कॉलेज धौलपुर के निर्माणाधीन भवन में एक मजदूर युवक की हत्या की गई थी। मामले में मंडलपाड़ा थाना तीलियाचार जिला मालदा पश्चिम बंगाल निवासी इब्राहिम शेख पुत्र शमसुद्दीन शेख जो कि एक सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत रहा। उसने 31 मई 2022 को कोतवाली थाना धौलपुर में लेबर युवक की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अपर जिला सेशन न्यायालय धौलपुर के अपर लोक अभियोजक मुकेश सिकरवार ने बताया कि सुपरवाइजर इब्राहिम शेख ने 29 मई 2022 को पश्चिम बंगाल से दो लेबर युवक सुशील हसदा पुत्र रॉबिन हसदा निवासी धौलोहार तपन जिला दिनाजपुर पश्चिम बंगाल और अनिल हेमराज पुत्र बुद्धाराम निवासी कौशलपुर रामपुरा चैनचरा जिला दक्षिण दिनाजपुर थाना तपन पश्चिम बंगाल को मेडिकल कॉलेज धौलपुर के भवन निर्माण के लिए लेबर गिरी कराने लाया था। उसके बाद 30 मई 2022 को सुशील हसदा और अनिल हेमराज ने शराब का सेवन किया और रात को उत्पाद मचाने लगे। इस पर सुपरवाइजर इब्राहिम ने दोनों को मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन कमरे में सुला दिया और बाहर से कुंडी लगा दी। 31 मई को सुबह जैसे ही सुपरवाइजर इब्राहिम दोनों को जगाने गया तो वहां पर खून से लथपथ लेबर युवक अनिल हेमराज दिखा। जिसको अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने दम तोड़ दिया। उसके दूसरे साथी युवक सुशील हसदा ने ही अपने साथ अनिल हेमराज की कांच के टुकड़े से हत्या कर दी थी। मामले में अपर जिला सेशन न्यायालय धौलपुर के न्यायाधीश राकेश गोयल ने शनिवार 20 सितंबर 2025 को सुनवाई करते हुए सुशील हसदा को दोषी माना और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## संयुक्त रूप से चलाया निराश्रित पशुओं के रिफ्लेक्टर बांधने का अभियान



**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** सड़क पर निराश्रित पशुओं के द्वारा हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए आदेशों की पालना में संयुक्त रूप से निराश्रित पशुओं के रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधने का अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में हमारे द्वारा एन एच ए आई दौसा, यातायात पुलिस व न्याय दर्शन स्वयंसेवी संस्था के साथ मिलकर बाड़ी व सैपऊ रोड पर निराश्रित पशुओं के सिंगों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा गले में रिफ्लेक्टर युक्त बेल्ट बांधी गई। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय वाहन चालकों को अंधेरा होने के कारण सड़क पर काले रंग के निराश्रित पशु नजर नहीं आते ऐसे में हमारे द्वारा संयुक्त रूप से उनके गले में रिफ्लेक्टर बनने का अभियान चलाया गया जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एन एच ए आई दौसा के रेजीडेन्ट कम हाइवे इंजीनियर ध्रुव कुमार सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा नियमित रूप से अभियान चलाकर निराश्रित पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधी जाएगी और यह अभियान अब निरंतर चलेगा। हमारे द्वारा पेट्रोलिंग व्हीकल को भी पाबंद किया गया है कि वह हाईवे पर निराश्रित पशुओं को इकट्ठा न होने दे। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक मुकुल कुंद्रा, सहायक हाइवे इंजीनियर सुरेन्द्र कुमार बैरवा, सहायक हाइवे इंजीनियर विशाल सिंह, यातायात पुलिसकर्मी, स्वयंसेवी संस्था न्याय दर्शन के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कैंप में शीघ्र ही दिया विद्युत कनेक्शन



**धौलपुर ।** शनिवार को उपखंड के देवखेड़ा गांव में राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर में जिला कलेक्टर बीटी निधि के साथ पूरे उपखंड के प्रशासन और जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने भी आम जन को विभाग की तरफ से जारी योजनाओं के और लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए गए साथ ही बिजली बिल समय से भरने का आहवान किया गया। कैंप में लोगों को हाथों ही हाथ कनेक्शन देने के लिए पत्रावली लगाने की अपील की गई। जिससे प्रेरित होकर रवि पुत्र अनेक सिंह निवासी बाबरपुर ने मौके पर ही घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया जिसकी निगम नियमानुसार ने पत्रावली कार्यवाही कर तुरंत मौके पर मीटर केबल लगा कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे रवि को बहुत खुशी हुई।

## विकसित भारत विजन 2047 पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**धौलपुर ।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संस्कृत सृजन पखवाड़े के अंतर्गत 'विकसित भारत विजन 2047' पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ गिर्राज सिंह मीणा ने छात्र -छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों में विकसित भारत के विजन 2047 के चित्रण की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया द्य एनएसएस प्रभारी डॉ अंजुल सिंह बताया कि सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के अंतर्गत युवाओं के सृजनात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु बहुत सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार मीणा, डॉ मनु नायर एवं राजेश गुर्जर उपस्थित रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीष बीए द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, तमन्ना बीए सेकंड सेमेस्टर एवं चंचल गोयल बीएससी सेकंड सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान, नीरज शर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय एवं सानिया मिर्जा बीए सेकंड सेमेस्टर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# रंगीले देश में निर्माण की जादूगरी देखो...

## स्व. राम प्रकाश गौतम की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

### सड़क अरबों की उद्घाटन से पहले टूट जाती हैं

**धौलपुर (खबरों की दुनिया)।** नगर पालिका रोड़ पर स्थित श्याम कॉप्लेक्स सभागार में स्व. राम प्रकाश गौतम की पावन स्मृति में सातत्व फाउंडेशन के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन मशहूर कवि पदम गौतम के संयोजन में किया गया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला परिषद धौलपुर के सीईओ ए. एन. सोमनाथ ( आईएएस), भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति धौलपुर के जिला संयोजक डॉ. लाजपत शर्मा, एवीएम. ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक वीरेंद्र त्यागी, एक्सप्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल भार्गव, चंबल प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह रजौरिया, आर सी ए के पूर्व सचिव सुमेंद्र तिवारी,रोटरी क्लब के





अध्यक्ष गौरव गर्ग, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं साहित्यकार अरविंद शर्मा के साथ आमंत्रित कवियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर स्व. रामप्रकाश गौतम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ विधिवत् शुरुआत हुई। अंतराष्ट्रीय कवियत्री डॉ. रुचि चतुर्वेदी ने माँ वीणा वादिनि की वंदना करते हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की शुरुआत की। राष्ट्रीय गीतकार मनोज मधुवन ने बहते दरिया की हूँ धारा, मीत मन का मैं आवारा, गाता फिरता एक बंजारा औलिया हूं मैं जिस पर श्रोताओं ने भरपूर तालियों से उत्साहवर्धन किया। अंतराष्ट्रीय कवियत्री स्वर कोकिला डॉ. रुचि चतुर्वेदी ने अपने काव्य पाठ में पिताजी को समर्पित गीत जीवन के सब झमेले देखे, उलझन और मेले देखें, सुख के सावन भादो दुख के कितने रैले देखें, अपनी कांधे बोझ उठाएं चलते जाते बाबूजी, जीवन का सच्चा पाठ पढ़ाते बाबूजी सुनाया तो सभागार में बैठे श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक उठे। अंतराष्ट्रीय कवि मनवीर मधुर ने धौलपुर की धरती को प्रणाम करते हुए सुनाया कि देवों में भी शौर्य भरे जो, वो मुचुकुंद हमीं तो हैं । कभी किसी से नहीं डरे जो, वो मुचुकुंद हमीं तो हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं संस्कारों की पाठशाला कवि पदम गौतम ने पिता को समर्पित पंक्तियां सुबह के जागते हम पर, हमीं पर शाम करते हैं, मिले सपनों के घर हमको, बड़े ही काम करते है, सुनाई तो श्रोताओं ने अपने स्थान पर खड़े होकर ताली बजाते हुए जबर्दस्त समर्थन दिया। राष्ट्रीय कवि रामबाबू सिकरवार ने पाला था भ्रम जो पाक ने सब दूर हो गया जेहादियों का सपना चूर चूर हो गया।

आतंकी अड्डे बेटिओं ने ध्वस्त कर दिए

ऑपरेशन अपना सफल सिन्दूर हो गया

रचना पढ़कर देशभक्ति का माहौल बना दिया। कवि मनोज कुमार ने

जहां पर सत्य को सुनकर हुकूमत रूठ जाती है ....

**वहाँ पर आम जनमानस की क़िस्मत फूट जाती है.....**

सड़क अरबों की उद्घाटन से पहले टूट जाती है रचना सुनाई।


कवि हरेंद्र हर्ष ने

इक मुलाकात करना चाहता हूं। कुछ सवालात करना चाहता हूं। छोड़ दो मुझको मेरे हाल पर तुम, मैं खुद से बात करना चाहता हूं ... सुनकर युवा वर्ग की तालियां बटोरी। राष्ट्रीय कवि सुरेश अलबेला ने यहाँ हजारों शायर है जो तख्त बदलने निकले है, कुछ मेरे जैसे पागल है जो वक्त बदलने निकले है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा कभी गण एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद शर्मा ने की। कवि सम्मेलन का संचालन कवि डॉ . पदम गौतम ने किया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## सांप के डसने से मासूम की मौत



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** कुंडाल क्षेत्र के लाडपुरा गांव मे एक 5 साल की मासूम की सांप के डसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मासूम शिवानी सेन अपनी मां पिंकी सेन के साथ खेत पर गई थी लौटते समय सांप ने बच्ची को डस लिया। बच्ची की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उप जिला अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। लेकिन बच्ची की तबियत मे सुधार नहीं होने से उसे कोटा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया लेकिन मासूम ने कोटा पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

## हिंदी पखवाड़े मे विचार रख कविताएं दोहे सुनाए




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में शनिवार को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत राजभाषा हिंदी का उपयोग करते हुए प्रार्थना सभा संपन्न हुई। छात्र प्रतिज्ञा संचालन अपर्णा मिश्रा ने किया, तन्वी चौधरी ने सुविचार प्रस्तुत किए। छात्रा प्रत्यूषा प्रियल ने समाचार सुर्खियां प्रस्तुत की, जन्मदिन की बधाइयों का संचालन छात्रा तोषिता भावना ने किया। प्राचार्य दिलीप सिंह प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। लव स्वर्णकार रितिका रावल सांची यादव ने विचार व्यक्त किए, ऋषिका मिश्रा सोमिल मांजी लक्षिता गुर्जर ने संत कबीर रहीम के दोहे प्रस्तुत किए। राजभाषा प्रभारी मिथलेश कुमार झा ने हिंदी पखवाड़े की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।

## केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छतोसव का किया आयोजन, शपथ ग्रहण करवाई




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में शनिवार को स्वच्छतोसव एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्राचार्य लोकेश जोशी ने सभा को संबोधित किया और इसके महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि पूरे भारत में यह उत्सव 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत विद्यालय में भी आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रार्थना सभा में उप प्राचार्य मुकुंद देवधर ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधित सुविचार और हिन्दी कविता भी प्रस्तुत की।

## विद्यालय का किया निरीक्षण हुई बैठक



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय में विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत की योजना अनुसार कोटा जिले से विद्यालय का शैक्षणिक निरीक्षण शनिवार को किया गया। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय छावनी के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार जैन, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शॉपिंग सेंटर की प्रधानाचार्य रेनू चनेजा, श्रीराम बाल विद्या मंदिर भैंस रोड गढ़ से निशा वैष्णव निरीक्षण करने के लिए विद्यालय पहुंचे।

विद्यालय में दोपहर 3 बजे तक उपस्थित रहकर 20 कक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद बैठक आयोजित हुई, जिसमें दिनेश कुमार जैन ने बताया कि शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाएं संचालित की जा रही है। जो आधारित शिक्षा एवं क्रियाकलाप और अधिक से अधिक शिक्षण सामग्री का उपयोग करके विद्यार्थियों में उत्साह एवं जिज्ञासा पैदा कर रही है। बैठक के अंत में प्रधानाचार्य सुशीला मोहनपुरिया ने सभी का आभार जताया।

## भारत को जानो प्रतियोगिता परीक्षा आज

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का रविवार को शाखा स्तरीय परीक्षा का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में किया जाएगा।

शाखा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि सुबह 11 बजे परीक्षा में तहसील के लगभग 47 विद्यालय के विद्यार्थी भाग लेंगे प्रत्येक विद्यालय से कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग से दो विद्यार्थी जिन्होंने स्कूल स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया वह परीक्षा में भाग लेंगे।

# योजनाओं का दिया लाभ विद्यार्थियों से किया संवाद, ठेकेदार को नोटिस गौशाला के लिए आवंटन के निर्देश





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को कुंडाल क्षेत्र की धावत कलां व जालखेड़ा ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने पहुंचकर निरीक्षण किया। धावत कलां मैं विधायक ने विद्यार्थियों से संवाद किया, इस दौरान उन्होंने विद्यालय के लिए 5 कक्षा कक्ष निर्माण करवाने, ग्राम धारडी में नाई समाज का सामुदायिक भवन बनवाने, सामाजिक सरोकार के अंतर्गत मुख्य सड़क से मोहनपुर तक एक किलोमीटर सड़क कार्य स्वीकृत करवाने, धावत कलां से खाती खेड़ा को सड़क मार्ग से जोड़ने का आश्वासन दिया। जालखेड़ा शिविर में ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम डॉ कीर्ति व्यास को अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विगत दिनों सड़क दुर्घटना में कन्हैया लाल धाकड़ की मृत्यु होने पर परिवार को पेंशन, पालनहार योजना में लाभ देने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की मांग पर विद्यालय में 7 कमरे चार दिवारी बनवाने के प्रस्ताव परमाणु बिजली घर के सामाजिक सरोकारों में भिजवाने के निर्देश दिए, वहीं डीएमएफटी मे काम पूरा नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने, गौशाला के लिए जमीन आवंटित करने के निर्देश दिए। सभी विभाग के अधिकारियों को आमजन के काम मौके पर ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। विधायक ने मेघवाल बस्ती में टीन शेड के लिए 3 लाख, नायक समाज धारडी मे टीन शेड के लिए 3 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। खातीखेड़ा और धारडी के बीच पुलिया निर्माण के लिए एस्टीमेट बनवाने के निर्देश दिए। मोहनपुरा कोटडा में पेयजल आपूर्ति को शीघ्र सुचारु करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ को क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने, अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए शिविर में जाति मूल निवास आय प्रमाण पत्र हाथों हाथ देने के निर्देश दिए।

शिविर में प्रधान आरती बारेशा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, उपखंड अधिकारी डॉ कीर्ति व्यास, तहसीलदार विवेक गरासिया, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा, सरपंच आरती धाकड़, हर्ष जैन, हरीश राठौर, शंकर अहिर, प्रहलाद पटेल, रामनिवास धाकड़, बनवारी लाल धाकड़, अनिल धाकड़, देवकरण, रामचंद्र पटवा, चांदमल धाकड़, घनश्याम धाकड़, मुकेश धाकड़, दुर्गा लाल जाट, प्रहलाद जाट, चंद्र प्रकाश जाट, मनीष, जोगेंद्र, ओमप्रकाश धाकड़ सहित लोग मौजूद रहे।

## ट्रक से 1 क्विंटल 97 किलो अवैध गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तारः विशाखापत्तनम से लेकर आए गांजा



खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़।** जिले की गंगरार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक में परिवहन किया जा रहा 1 क्विंटल 97 किलो अवैध गांजा जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने उक्त गांजा विशाखापत्तनम से लाना बताया।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले के अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ हेतु समस्त थानाधिकारी व जिला विशेष टीम को निर्देश दिए गए। थानाधिकारी गंगरार दुर्गा प्रसाद दाधीच को मुखबीर से सुचना मिली की उदयपुर की तरफ से एक ट्रक आ रहा है, जिसमें दो व्यक्ति सवार हैं कुछ ही समय के बाद गंगरार पहुंचने वाली है। उक्त ट्रक में अवैध गांजा हो सकता है।

मुखबीर की सूचना पर एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन डीएसपी गंगरार प्रभुलाल कुमावत के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी गंगरार व पुलिस जाप्ता एवं जिला विशेष टीम द्वारा चित्तौडगढ-भीलवाडा सिक्स लेन रोड के सर्विस रोड पर मेडीखेडा पुलिया के पास पहुँचें। जहाँ सूचना अनुसार एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया।

उक्त ट्रक चालक द्वारा तेजगति से सिक्स लेन रोड की दीवार के पास के कच्चे रास्ते से ट्रक को भगाने का प्रयास किया। जिस पर थानाधिकारी थाना गंगरार व जाप्ता पुलिस मय सरकारी जीप की मदद से जीप को ट्रक के आडे लगा बमुश्किल रोका। ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें 01 क्विटल 97 किलो 65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा हुआ पाया गया। जिसे मौके पर जब्त कर आरोपी ट्रक चालक राजू बैरवा पुत्र रतनलाल बैरवा निवासी सूलीखेडा पुलिस थाना गंगरार खलासी संपत बंजारा पुत्र रामेश्वर बंजारा निवासी रूपपुरा पुलिस थाना कोटडी जिला भीलवाडा को गिरफतार किया।

## ग्रामीण मंडल भुसावर द्वारा चलाया साफ सफाई अभियान



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** ग्रामीण मंडल भुसावर एवं युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल भुसावर द्वारा छोंकरवाड़ा कला में राधा कृष्ण के मंदिर परिसर की सफाई अभियान का कार्यक्रम किया है और सरकार के कार्यो एवं योजनाओं को आमजन तक घर घर पहुंचाने का कार्य हमारी टीम करेगी। युवा मोर्चा के अध्यक्ष पुष्कर सिंह चौधरी एवं सेवा पखवाड़ा के सहसंयोजक गंभीर सिंह चौधरी, सहसंयोजक शिवकुमार चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रमिला कुमारी, शिव सिंह छौंकरवाड़ा कला, सुभाष चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, रामोतार, बनेसिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## जल प्रबंधन सौर ऊर्जा सेंसर पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, विज्ञान गणित मेले का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय महूपूरा में शनिवार को विज्ञान गणित मेले का आयोजन हुआ। विज्ञान प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि विद्यालय स्तरीय मेले में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने जल प्रबंधन सौर ऊर्जा सेंसर पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों ने विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव खाद्य संरक्षण जल प्रदूषण नियंत्रण पर मॉडल बनाएं। गणित विषय प्रभारी देवनारायण पांडे ने बताया कि बाल वर्ग द्वारा सम बहुभुज सर्वसमिका पर आधारित नवाचार किए। किशोर वर्ग गणित प्रदर्श विषय प्रमेय सिद्ध करना क्षेत्रमिति पर आधारित नवाचार किए। तरुण वर्ग गणित प्रदर्श विषय त्रिकोणमिति त्रिविमिय पर आधारित नवाचार प्रदर्श किए। गणित बाल वर्ग में दिव्यांश बालसोरी अनुष्का बुनकर अर्चना प्रजापति प्रथम रहे। गणित किशोर वर्ग में देवेश चौधरी विजय धाकड़ प्रथम रहे, विज्ञान बाल वर्ग में प्रियंका चौधरी प्रतिभा बलदेव सिंह वासु गौड प्रथम स्थान पर रहे। किशोर वर्ग विज्ञान विषय में भूपेंद्र सिंह तन्मय आमेटा शौर्य श्रृंगी शौर्य प्रताप सिंह मुकेश नायक योगेंद्र गुर्जर प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक इंद्रपाल सिंह तोमर विनोद कुमार त्यागी रहे। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव ने निर्णायकों का आभार जताया।

## ग्राम पंचायत पथैना में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** ग्राम पंचायत पथैना में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि राजस्थान सरकार का एक मात्र लक्ष्य है कि सभी विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को विभागों के चक्कर काटने के बजाय अपनी ग्राम पंचायत में आयोजित किए जा रहे कैंप में भाग लेकर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। ग्राम पंचायत पथैना में सोभा पत्नी हरीराम जाति मीना निवासी ग्राम झारौटी द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भुसावर राजस्थान कास्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 53 व 188 के तहत वाद प्रस्तुत किया गया जिसके संबंध में उनवान सोभा बनाम जगदेवसिंह वगैराह में विभाजन प्रस्ताव राजस्व दल पटवारी हल्का - पथैना, भू. अभि. निरीक्षक वृत्त-पथैना द्वारा तैयार कर उच्चाधिकारियों के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया। जिसे लेकर लाभार्थियों द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का आभार जताया।

## पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश मीणा बोराज का जन्मदिन समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** क्षेत्र के लोकप्रिय कद्दावर नेता सरल स्वभाव के धनी, गरीब व कमजोर वर्ग की हमेशा सहायता करने वाले डॉ.किरोडी लाल मीणा के पद चिन्हों पर चलकर जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहने वाले पूर्व जिला परिषद सदस्य से जगदीश मीणा बोराज का जन्मदिन क्षेत्र के कार्यकर्ता व समर्थकों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगदीश मीणा बोराज को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। दूरभाष पर बड़े-बड़े नेता व क्षेत्र की जनता ने बधाई दी व सोशल मीडिया पर छाए रहे। इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना, वृक्षारोपण, गायों को हरा चारा खिलाना जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा व पूर्व मंत्री गोलमा देवी, महवा विधायक राजेंद्र मीणा, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने दूरभाष पर बधाई दी और आशीर्वाद दिया। बधाई देने वालों में ग्राम पंचायत दीवली प्रशासक भाग्यश्री मीणा, पंचायत समिति सदस्य प्रेमलता सैनी, बृजेश सलेमपुर खुर्द, जमुनालाल मीणा दीवली, रवि निठार, रिंकू गहलोत, बबलू गुर्जर, क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, अधिकारी गण व क्षेत्र के पत्रकार गणो द्वारा बधाई दी गई और उनके दीर्घायु की ईश्वर से कामना की।

## रामकथा के आयोजन का किया पोस्टर का विमोचन



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** उपखंड के गांव सलेमपुर कला में निर्मल संत हरेंद्रानंद महाराज ध्रुवघटा वालों के सानिध्य मे शीशवाडा में आयोजित रामकथा के आयोजन को लेकर शनिवार को पोस्टर का विमोचन किया। कथा के संयोजक योगेश कुमार शास्त्री ने बताया किभुसावर उपखंड के गांव सलेमपुर कला के पास स्थित गांव शीश बाड़ा में सर्व समाज की ओर से 23 सितंबर मंगलवार से 2 अक्टूबर तक होने वाली राम कथा के पोस्टर विमोचन सर्व समाज के बालकों के साथ निर्मल संत हरिंद्रानंद सरस्वती महाराज ने गांव सलेमपुर कला में किया। उन्होंने बताया कि राम कथा वाचक मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज अपने मुखारविंद से कथा का श्रवण करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री राम कथा के आयोजन को लेकर आमंत्रण के रूप में पीले चावल हर गांव ढाणी और सर्व समाज के लोगो को दिए जा रहे है।

इस मौके पर रंजीत देशवाल दिनेश जाटव मनीष सोलंकी अनिकेत देशवाल परसोत्तम राहुल बृजेश गुर्जर राजेंद्र गुर्जर नितिन गुर्जर शिवकेश दीनदयाल पंडित हरिओम पंडित विकास चौधरी अभिषेक प्रजापत प्रदीप वेद प्रकाश प्रजापत दीनदयाल बेरवा धीर सिंह चैन सिंह हरबीर पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक की साधारण सभा, खाताधारकों के हित सुरक्षित करने का भरोसा




खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की 33वीं वार्षिक साधारण सभा रविवार को प्रधान का जाव में हुई। बैंक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य परिणाम, अंकेक्षित तुलन पत्र, लाभ-हानि खाता और आगामी वर्ष 2025-26 का बजट अनुमोदित किया गया।

**डिफॉल्टरों से सख्त वसूली की तैयारी**

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद बैंक प्रबंधन पूरी कोशिश कर रहा है कि बैंक जल्द ही नियमित परिचालन शुरू कर सके। उन्होंने खाताधारकों और जमाकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनके हित सुरक्षित हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि डिफॉल्टर ऋणियों से बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा। रहनशुदा संपत्तियों की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई भी जल्द शुरू होगी।

**लगातार 7वें साल परिचालन लाभ**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताराचंद पूनियां ने बताया कि वर्ष 2024-25 में बैंक को कर देयताओं से पहले 1 करोड़ 28 लाख 56 हजार का परिचालन लाभ हुआ है। वहीं, चालू वर्ष में भी बैंक लगभग 13 लाख के लाभ में है।

उन्होंने बताया कि बैंक पर 9 नवंबर 2018 से आरबीआई के विशेष दिशा-निर्देश लागू हैं, जिसकी समय सीमा 9 दिसंबर को खत्म होगी। इसके बावजूद प्रबंधन लगातार बैंक को पटरी पर लाने के प्रयास कर रहा है।

**आमसभा से स्वीकृति**

सभा में 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट और पिछली कार्यवाही को भी अनुमोदन मिला। बैंक रिवाइवल के लिए व्यवहारिक कार्य योजना तैयार करने पर भी आमसभा ने सहमति दी।

**धन्यवाद ज्ञापन**

सभा में संचालक मंडल और प्रतिनिधि सभा के सदस्य मौजूद रहे। उपाध्यक्ष सांवरमल सैनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## नवशारदीय नवरात्रा कल, घर-घर होगी घट स्थापना

### कंकाली माता मंदिर की हुई विशेष सजावट

खबरों की दुनिया



**निवाई।** सोमवार को घर-घर में नवरात्रा पर्व को लेकर घट स्थापना की जाएगी। नवशारदीय नवरात्रा को लेकर श्रीकंकाली माता मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। माताजी के मंदिर को भव्य रूप से विद्युत लाईटों से सजाया गया है। मंदिर के पीछे रक्तांचल पर्वत पर भी रंगीनी रोशनी की गई है। इसी प्रकार शहर के बडा बाजार में स्थित चारभुजानाथ मंदिर, बावडी वाले बालाजी, मोरिया वाले बालाजी, भगवान गौरीशंकर महादेव मंदिर, श्रीचिंताहरण गणेश मंदिर, कृषि मंडी स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर, बरथल पहाडी पर स्थित मां ज्वालामुखी माता मंदिरए मां ब्राह्मणी मंदिर, छोरिया बालाजी, बूढला बालाजी, श्रीमहर्षि गौतम आश्रम 80 फीट रोड, लुहारा धाम बालाजी मंदिर व श्याम मंदिर सहित सभी देव स्थानों को सजाया गया है। गुरूवार को शुभ मुहुत के अनुसार घट स्थापना की जाएगी।

## रामस्वरूप सिरोही बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष



### कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

खबरों की दुनिया

**निवाई।** भारतीय जनता पार्टी नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शिवदयाल जांगिड़ ने वरिष्ठ कार्यकर्ता रामस्वरूप जांगिड़ सिरोही को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। अध्यक्ष बद्री नटवाडा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर रामस्वरूप जांगिड़ की नियुक्ति की गई है जिससे क्षेत्र के युवाओं व पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान नवनियुक्त उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिरोही का भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा बंधवाकर सम्मान किया एवं बधाई व शुभकामनाएं दी।

## महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती का दो दिवसीय समारोह आज से, कल निकलेगी भव्य विशाल रथ यात्रा

खबरों की दुनिया



**निवाई।** महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती पर आयोजित दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ रविवार को झण्डा रोहण करके किया जाएगा। आयोजन समिति के ताराचन्द बोहरा व राकेश अग्रवाल ने बताया कि आज सुबह 8.30 बजे अग्रवाल धर्मशाला में पुण्यार्जक महावीरप्रसाद, मुकेश कुमार, अनिलकुमार जैन पहाड़ी वालों द्वारा झण्डा रोहण करके दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झण्डा रोहण के बाद साढे 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शिविर का उद्घाटन ओमप्रकाश व विपीनकुमार गुप्ता सीमेंट पाईप फेक्ट्री वाले करेंगे।

शिविर में दीप प्रज्वलन ताराचंद, हिंमाशुकुमार गोयल राम नगर वाले करेंगे। समारोह को लेकर नसियां मन्दिर में शाम को साढे 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। जिसका उद्घाटन महेन्द्र कुमार व राहुलकुमार जैन लावा वाले करेंगे। दीप प्रज्वलन मुकेशकुमार अग्रवाल मित्रपुरा वाले करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह के पुण्यार्जक सुशील कुमार व राहुल कुमार जैन आरामशीन वाले हैं। सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती पर विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी।

रथ यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से सुबह 9 बजे रवाना होगी। रथ यात्रा खारी कुई, चोहट्टी बाजार, चतुर्भुज बाजार व बस स्टेंड होते हुए श्री जैन नसियां मन्दिर में पहुंचेगी। जहां महाराजा अग्रसेनजी की महाआरती की जाएगी।

## देवधाम जोधपुरिया में 21 सितंबर को आयोजित आम सभा हुई निरस्त

खबरों की दुनिया



**निवाई।** श्रीदेवधाम जोधपुरिया मंदिर ट्रस्ट में नवनियक्त प्रशासक तहसीलदार नरेश गुर्जर ने पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रशासक गुर्जर का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रशासक गुर्जर ने मंदिर में संचालित विकास कार्यो का अवलोकन किया एवं मंदिर में संचालित समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रशासक की नियुक्ति होने के साथ ही ट्रस्ट की संपूर्ण कार्यकारिणी भंग हो गई है। अब से मंदिर की सभी व्यवस्थाएं प्रशासक गुर्जर ही देखेंगे। तहसीलदार गुर्जर के सानिध्य में मंदिर के आय-व्यय का लेखा-जोखा रखने, मंदिर में पूजा पद्धति, धार्मिक अनुष्ठान व परंपराओं का यथावत संचालन रहेगा। तहसीलदार गुर्जर ने बताया कि प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद 21 सितंबर को देवधाम जोधपुरिया में आयोजित आम सभा को निरस्त कर दिया गया है। पदभारी ग्रहण कार्यक्रम में एडवोकेट सुरज्ञान गुर्जर, श्रवण भोपा, महंत श्रवण गुर्जर, शिवराज गुर्जर, कानाराम गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, घासी भोपा, लक्ष्मण गुर्जर व आरडी गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नव भारत के निर्माण में प्रबुद्धजन वर्ग की अहम भूमिका : रामगोपाल सुथार

खबरों की दुनिया





**टोंक।** भाजपा के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन और ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर नवीन भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार रहे।कार्यक्रम में विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो सरकार में हों या विपक्ष में हर समय जनता की सेवा में लगी रहती है।उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों ने देश के स्वाभिमान को ऊंचा किया है।उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन श्रेणी के लोगों ने नए भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई हैं और प्रबुद्धजन लोग अब भारत को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक विचार ना केवल एक वर्ग को प्रभावित करते हैं, बल्कि हर वर्ग में साकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा है। आज हर वर्ग को भाजपा की कार्यशैली और कार्यकुशलता पर विश्वास है। भाजपा सरकार और भाजपा संगठन ने केवल भारत में ही नहीं पूरे विश्व में अमिट छाप छोड़ी है।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता की संगठन का आधार है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को साकार करने के लिए आज योजनाबद्ध तरीके से कार्य भी किया जा रहा है।पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 11 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में कई सारे परिवर्तन किये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 11 साल के अंदर परिवारवाद, तुष्टिकरण, जातिवाद, भ्रष्टाचार को समाप्त किया। उन्होंने कहा मोदी के नेतृत्व में भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है भारत को विश्वगुरु बनाना। प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन आधारित डॉक्यूमेंट्री भी देखी गई। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सतीश चंदेल, गणेश माहुर, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, नरेश बंसल, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा, बबलू टैंकर, राजेश शर्मा, जिला मंत्री बीना छामुनिया, नीलिमा आमेरा, हरिराम यादव, तरुण टिक्किवाल, रामकिशन गुर्जर, शकुंतला वर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, प्रवक्ता योगेंद्र नाथावत, रत्तीराम पहाड़िया, विजय मालवानी, शिवसिंह मीणा, शम्भू शर्मामीडिया



प्रभारी कमलेश यादव, हेमंत सैनी, आईटी संयोजक लोकेश गुप्ता, बलवंत मराठा, आरव सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान, धोलू गुर्जर, सुरेश काचरिया, शिवराज गोरा, पंकज पहाड़िया, केदार दोहन, नितिन जैन, नारायण धाकड़, चौथमल विजय, रामनारायण यादव, अंजलि गुप्ता, राजेश मंगल, पुष्पा मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाउसिंग बोर्ड में वितरीत किए 100 निक्षय पोषण किट

खबरों की दुनिया



**टोंक।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं शहरी सेवा शिविर के अंतर्गत शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाउसिंग बोर्ड में स्पेशलिस्ट शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शिविर में आने वाले लाभार्थियों की एनीमिया, टीबी, शुगर बीपी एवं गर्भवती महिलाओ की जाँच विशेषज्ञों चिकित्सको द्वारा की गई।

श्रीरामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संसथान टोंक द्वारा टीबी के मरीजों को 40 पोषण किट वितरित किये गए।कैप के दोरान डॉ. राजीव यादव, डॉ. महावीर चौधरी, डॉ. अब्दुल आजाद, डॉ. विकास कुमारी, डॉ. हेमंत साख्या एवं बंसल अस्पताल के निदेशक डॉ. राजीव बंसल ने निक्षय मित्र बनकर 10-10 टीबी के मरीजों को पोषण किट वितरित किये गए।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि पोषण किट वितरण के साथ मरीजों को मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उनके उपचार की प्रक्रिया और सरल हो सके। उन्होंने बताया कि अच्छे पोषण से टीबी मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। कैंप प्रभारी डॉ .अभिषेक छारोडीया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए गये उक्त अभ्यं के बारे में विस्तृत में जानकारी प्रदान की। इस दौरान कैंप में पार्षद बादल साहू अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मेमोरियल सेवा संस्थान, सीए आकाश जैन, हरिवंश शर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज, रोहिताश कुमावत सेवा भारती संस्थान टोंक, डीपीसी मसर्रत मिया, बीएचएस मोहम्मद शरजील खान, हेमंत शर्मा, शिमला चौधरी, शबाना, रेखा यादव, अक्षय जैन, आशा सहयोगिनी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित, श्रीअग्रसेन वाहन रैली आज

खबरों की दुनिया



**देवली।** श्रीअग्रवाल पंचायत संस्था के तत्वाधान में धान मंडी परिसर में श्रीमहाराजा अग्रसेन क्लब एवं श्रीअग्रवंश क्लब के बीच में 15 ओवर का क्रिकेट का मुकाबला हुआ। जिसमें सर्वप्रथम अग्रवंश क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए 15 ओवर सात विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर प्रतिद्वंदी टीम को 88 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में श्रीमहाराजा अग्रसेन क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र एक विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर नौ विकेट से प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। इसके बाद दोपहर में आयोजित बालिका एवं महिला सम्मेलन में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कॉर्नर गेम, चेयर रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता हुई। इसी श्रृंखला में 21 सितंबर को श्रीअग्रवाल पंचायत संस्था के तत्वाधान में श्रीअग्रसेन वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा।

वाहन रैली प्रातः 10 बजे स्थानीय श्रीअग्रवाल पंचायत विश्रामगृह से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से निकलेगी। यात्रा का विभिन्न जगह समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इस दौरान यात्रा में समाज के सभी महिला पुरुष सम्मिलित होंगे।

## शिक्षक हंसराज तंवर ने सम्मान में मिली राशि 21000 रुपये दो विद्यालयों में की डोनेट





खबरों की दुनिया

**टोंक।** शिक्षक दिवस 5 सितंबर को राज्य सरकार द्वारा बिड़ला सभागार जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कक्षा 1-5 वर्ग में सम्मानित शिक्षक हंसराज तंवर अध्यापक लेवल-1 ने सम्मान में मिली राशि 21000 रूपये उनियारा ब्लॉक के रा उ मा वि बीलोता व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बनेठा में 10000 व 11000 पुरी की पुरी राशि ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से छात्र हित में दान करके एक प्रेरणास्पद कार्य किया।

शिक्षक हंसराज तंवर के इस कार्य शिक्षकों व प्रधानाचार्य बजरंग लाल मीणा, फहाद सईद खान ने भूरि भूरि प्रशंसा की है।

स्टेट एवार्डी शिक्षक ने इससे पूर्व भी ब्लॉक जिला स्तरीय सम्मान राशि भी बच्चों की सुविधाओं के लिए विद्यालय में डोनेट की थी। दोनों विद्यालय के स्टाफ के शिक्षकों, बच्चों ने इससे पूर्व शिक्षक हंसराज तंवर का विद्यालय में माला, साफा बंधन करके भावपूर्ण सम्मान करके उनके लिए भविष्य में भी इसी तरह अच्छे कार्य कर गांव, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहे ऐसी ईश्वर से कामना की।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत महिला क्रिकेट, लुडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया





**टोंक।** सवाईमाधोपुर बाई पास चौराहा स्थित राज मिडवे में शुक्रवार को श्रीअग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के दूसरे दिन महिला क्रिकेट, लुडो गेम्स का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजेंद्र गोयल ने टॉस करवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जिसमे अंपायरिंग पप्पू ने की। महिला क्रिकेट में टीम बी ने टीम ए को हराकर जीत दर्ज की। कार्यक्रम संजोयक राजीव बंसल ने बताया की अग्रसेन जयंती महोत्सव का आज दूसरा दिन है और इस महोत्सव के तीसरे दिन डांडिया (नृत्य प्रतियोगिता) का प्रोग्राम है जिसमे बालक बालिकाए प्रस्तुतिया देंगे। इस अवसर पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष ऋतुराज अग्रवाल, मंत्री रोहित जैन (आरटी), महिला मंडल अध्यक्ष मंजू गर्ग, मंत्री किरण भगत, पूजा गुप्ता, श्रीव्यापार महासंघ अध्यक्ष मनीष बंसल, महेश लोहिया, श्याम लोहिया, रवि अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल, यश बंसल, हर्षित बंसल, मयंक गोयल, प्रवल बंसल,अंकित अग्रवाल, आशीष गोयल, गिरीश गोयल, एवं अग्रवाल सेवाकर्मी संगठन के लोग आदि मौजूद रहे।

## रैगर महासभा की बैठक आज

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। महासभा के महामंत्री रामभज वर्मा बगडी ने बताया कि रविवार को टोंक में अन्नपूर्णा रोड पर स्थित रैगर समाज के छात्रावास में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित होगी। जिसमें छात्रावास भवन के निर्माण, सामाजिक कुरूतियां, समिति के प्रगति व प्रतिभा सम्मान समारोह सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## देवली में दीक्षार्थी दीदी की निकली भव्य वैराग्य यात्रा

खबरों की दुनिया

**देवली।** विवेकानंद कॉलोनी स्थित पार्श्वनाथ धर्मशाला में चल रहे स्मृति परिवर्तन वर्षा योग 2025 के तहत परम पूज्य मुनि प्रणीत सागर महाराज संघ के सानिध्य में देशवर्ती सुमन दीदी की भव्य वैराग्य यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। यह वैराग्य यात्रा चंद्र प्रभु मंदिर से प्रारंभ होकर महावीर जिनालय, शांतिनाथ जिलालय से पार्श्वनाथ धर्मशाला पहुंची, जहां पर धर्मसभा में परिवर्तित हुई। आयोजन स्थल पर चातुर्मास कमेठी एवं अग्रवाल जैन समाज के आयोजन में दीक्षार्थीकी गोद भराई की एवं उनके वैराग्य के प्रवचन हुए। इससे पूर्व दीक्षार्थी ने प्रणीत सागर महाराज से आशीर्वाद लिया एवं 23 नवम्बर 2025 को सवाईमाधोपुर में गणिनी आर्यिका विशुद्धमती माताजी के सान्निध्य में होने वाली जैनेश्वरी दीक्षा के लिए समाज को निमंत्रण प्रदान किया।

मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि वैराग्य यात्रा के इस क्रम में 3 नवम्बर 2025 को आचार्य सुंदर सागर महाराज के सान्निध्य में जयपुर में होने वाली 6 जैनेश्वरी दीक्षा के दीक्षार्थियों की भव्य गोद भराई एवं वैराग्य यात्रा का आयोजन चातुर्मास कमेटी एवं अग्रवाल जैन समाज के आयोजन में होगा।



खबरों की दुनिया
एक नजर

## सनातन संस्कृति की धड़कन है संस्कृत : देवनानी




### 21 विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ ली, यह गौरव की बात

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि संस्कृत, सनातन संस्कृति की धड़कन है और मानव सभ्यता की नींव है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व की उत्कृष्ट भाषा संस्कृत, भारतीय और यूरोपीय भाषाओं के साथ ही विश्व की अनेक भाषाओं की जननी भी है। राजस्थान विधानसभा में नवनिर्वाचित इक्कीस विधायकों ने संस्कृत भाषा में शपथ ली थी। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को यहां मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित भविष्याय संस्कृतम् विषय पर आयोजित संभाषण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को जयपुर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, सुरेश सोनी और जय प्रकाश गौतम ने भी संबोधित किया। समझ में संस्कृत से जुड़े विद्वान, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### संस्कृत में सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिनव प्रयास

देवनानी ने कहा कि संस्कृत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अभिनव प्रयास है। इससे युवा पीढ़ी का जुड़ाव संस्कृत के प्रति बढ़ रहा है। यह जुड़ाव ही भविष्य के लिए संस्कृत का परिचायक है।

### देव भाषा और विज्ञान की भाषा के साथ संस्कृत जनवाणी है

देवनानी ने कहा कि संस्कृत भाषा ज्ञान का भंडार हैं। ऋषि मुनियों द्वारा आरंभ की गई यह देव भाषा, विज्ञान की भाषा के साथ जनवाणी है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता जैसे ग्रंथों ने संस्कृत भाषा को घर-घर पहुंचाकर जनवाणी बनाया है। जर्मन के वैज्ञानिक संस्कृत के ग्रंथों का अध्ययन कर अनुसंधान और आविष्कार कर रहे हैं। विज्ञान की दृष्टि से कंप्यूटर के लिए संस्कृत भाषा को उत्कृष्ट माना गया है। तकनीकी में इसकी उपयोग के लिए नासा द्वारा अनुसंधान किया जा रहे हैं।

### सनातन संस्कृति का मूल संस्कृत में

देवनानी ने कहा कि संस्कृत भाषा का भविष्य उज्ज्वल है। संस्कृति की जीवंतता के लिए संस्कृत जरूरी है। सनातन संस्कृति का मूल संस्कृत भाषा में निहित है?।

### रोजगार के साधन है संस्कृत में

देवनानी ने कहा कि संस्कृत में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के विश्वविद्यालय को संस्कृत के ज्योतिष और कर्मकांड जैसे अनेक विषयों पर पाठ्यक्रम चलाए जाने चाहिए। इससे मानव जीवन में संस्कृत का उपयोग बढ़ सकेगा और युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुए रक्तदान शिविर



खबरों की दुनिया

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाडे के तहत आज अलवर शहर में 200 फुट रोड फ्रेंड्स गार्डन में केशव मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एवं अग्रसेन स्थित अलवर ब्लड बैंक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं श्याम भक्त सन्नी शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला अफजाई कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तदान को जीवनदान के समान बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से न केवल रक्तदाता स्वस्थ रहता है बल्कि जरूरतमंद को एक नया जीवन भी मिलता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी सोच देश के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ, निरोगी एवं देश के विकास में सहभागिता की है।

## लायन्स क्लब जयपुर यूनिक का 'डांडिया रास' 23 को



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लायन्स क्लब जयपुर यूनीक द्वारा 23 सितम्बर को विद्याधर स्टेडियम में विशाल डाण्डिया रास 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें जयपुर शहर के सभी लायन्स क्लब एवं सभी लोग भाग लेंगें।

### डॉ . भारतीय ने किया पोस्टर का विमोचन

प्रख्यात शिक्षाविद् वरिष्ठ पत्रकार लायन्स क्लब जयपुर आकाशदीप एवं जयपुर क्वीन के मेन्टोर डॉ. एल. सी. भारतीय ने 'डाण्डिया पोस्टर' का विमोचन किया तथा कार्यक्रम के संयोजक विकास खटोड के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। क्वीन की अध्यक्ष लायन मीनू भारतीय भी इस अवसर पर उपस्थित थी। भाजपा नेता सुभाष भारतीय उपाध्यक्ष एवं डॉ. अशोक कुमार सचिव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## पं. सुरेश मिश्रा को राष्ट्रीय अटल अवार्ड का सम्मान




### भारतीय संस्कृति और सामाजिक सेवा के वैश्विक प्रसार हेतु दिया गया अवार्ड

खबरों की दुनिया

**नई दिल्ली।** प्रख्यात समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ पं. सुरेश मिश्रा को अटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अटल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी सम्मान उन्हें प्रधानमंत्री संग्रहालय (Pradhan Mantri Sangrahalaya), नई दिल्ली के मंच पर प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके नेतृत्व, दूरदृष्टि एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा को आगे बढ़ाना है। इस वर्ष यह सम्मान पं. सुरेश मिश्रा को समाजसेवा, राजनीति तथा भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रसार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

पं. सुरेश मिश्रा लंबे समय से विभिन्न संगठनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को विश्व पटल पर स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही, वे भारतीय जनता पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और समाजहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं।

सम्मान प्राप्त करते हुए पं. सुरेश मिश्रा ने कहा अटल अवार्ड प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गौरव और विनम्रता का क्षण है। अटल जी का जीवन दर्शन और राष्ट्र दृष्टि मेरे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है। यह सम्मान मुझे और अधिक समर्पण के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करने की शक्ति प्रदान करेगा।

इस अवसर पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, अटल फाउंडेशन की अध्यक्ष अर्पणा सिंह तथा महासचिव लेखराज महेश्वरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। समारोह में वक्ताओं ने पं. सुरेश मिश्रा के अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्रहित की प्रेरक शक्ति बताया।

## मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के पश्चात 8840 नए मतदान केन्द्रों को भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति : नवीन महाजन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के पश्चात 8840 नए मतदान केन्द्रों को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति दी है। इस तरह राज्य में अब 61309 बूथ हो जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या को 1200 तक रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है। राज्य के 200 विधानसभा क्षेत्रों में 17829 मतदान केंद्र ऐसे थे जिनमे मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक थी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाताओं वाले समस्त मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन किया जाना है, जिसके तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में मतदान केंद्र के पुनर्गठन प्रस्तावों को स्वीकार कर 8840 नए मतदान केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी।

## पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक की वन भूमि पर लगाए 12 हज़ार पौधे

**पाली।** देशभर में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक की वन भूमि पर 12 हज़ार पौधे लगाए गए हैं। इसकी पालना में पशुपालन, गोपालन, डेयरी तथा देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत के निर्देशानुसार वन विभाग ने दुजाना व सांडेराव सहित वन भूमि पर ये पोधारोपण किया। मंत्री कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश में पोधारोपण किया जा रहा है। ग्राम सेवा शिविरों के दौरान भी हर शिविर में 75 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए वन विभाग पूरी सक्रियता से काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी के तहत सुमेरपुर पंचायत समिति की सभी 30 ग्राम पंचायतों में शिविर के दौरान पौधे लगाए जाएँगे। अब तक जवाई बाँध, पोमावा, कोलीवाड़ा, गलथनी, बलाना, गोगरा, पावा व खिवंदी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में पोधारोपण किया गया है। इसके तहत खेजड़ी, बेर, जामुन, नीम व अमलतास के पौधे लगाए गए हैं । उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों को अधिकाधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अधिकारियों को गोचर भूमि एवं सरकारी भूमि पर नमो पार्क विकसित के लिए भूमि तलाशने के निर्देश दिए गए हैं ।

## देवनानी ने किया पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के पोस्टर का विमोचन



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की नीतियां आज भी समसामयिक और प्रासंगिकः देवनानी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा पंडितजी की 109वी जयंती पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति व्याख्यान के पोस्टर का विमोचन राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब आफ राजस्थान के सभागार में किया।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा की पंडित जी की जयंती 25 सितंबर को धानक्या में मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की नीतियां आज भी समसामयिक और प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि स्वावलंबन की आज महती आवश्यकता है। इससे हमारा राष्ट्र आत्मनिर्भर बनेगा और विश्व में भारत की साख बढ़ेगी। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि इस बार पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर शोध करने वाले शोधार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि 25 सितंबर गुरुवार को अपराह्न 3:30 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल धानक्या रेलवे स्टेशन पर पंडितजी की जयंती मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति व्याख्यान समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरि भाऊ बागडे होंगे।

राज्य के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा विशिष्ट अतिथि और कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र सिंह करेंगे। समारोह के मुख्य वक्ता अरुण जैन होंगे।

### राजस्थान लेखा सेवा परिषद की अभिनव पहल

## प्रदर्शन आधारित परीक्षा का सफल आयोजन

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** राजस्थान लेखा सेवा परिषद, जयपुर ने पारंपरिक वरिष्ठता-आधारित प्रणाली से आगे बढ़ते हुए शनिवार को एक अभिनव पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वैभव गलरिया, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कानून, नियम या प्रावधान की व्याख्या करते समय हमें सरकार के बड़े उद्देश्य और जनकल्याण को प्राथमिकता में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे सुप्रीम कोर्ट भी संविधान और कानून का इंटरप्रिटेशन करता है, वैसे ही हमें अपने स्तर पर नियमों की व्याख्या आमजन को त्वरित राहत दिलाने और योजनाओं को धरातल पर शीघ्र लागू करने की सोच के साथ करनी चाहिए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सेवा का नाम बदलने के बिंदु पर विभाग द्वारा विचार किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर आयोजन के लिए साधुवाद दिया और विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### शिविर का निरीक्षण

## सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो सुनिश्चित : जितेन्द्र सोनी



### शिविरों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, आमजन से संवाद कर लिया फीडबैक

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में सेवा पखवाड़े के तहत शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना और राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाना है। जयपुर जिले में सेवा शिविरों के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए जिला कलक्टर के निर्देश पर शनिवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का औचक निरीक्षण कर शिविरो में हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने चाकसू के टूमली का बास, कोथून और सांगानेर के लाखना शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। डॉ. सोनी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा शिविरों को समाधान शिविर की भावना से संचालित किया जाए। वहीं, ग्रामीणों ने इस मौके पर बताया कि राजस्व, श्रम, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पीएचईडी विभाग को पानी की सप्लाई सुचारू करने और लीकेज पाइपलाइनों को तुरंत दुरुस्त करने, जेवीएनएल विभाग को झूलते बिजली तारों को सही करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, राजस्व विभाग को किसान फार्मर आईडी पोर्टल पर लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा किसानों को गिरदावरी एप के माध्यम से गिरदावरी कराने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सहकारिता विभाग को बकाया ई-केवाईसी आवेदनों का तुरन्त निस्तारण, पंचायत समिति को अनुसूचित जाति व जनजाति के लाभार्थियों का कैटल शेड योजना का अधिक लाभ दिलाने और चिकित्सा एवं आयुर्वेद विभाग को शिविर में आए 30 वर्ष से अधिक आयु के आगंतुकों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि शिविरों को समाधान शिविर की भावना से संचालित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पहुँचे। आमजन की समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, त्वरित और पारदर्शी तरीके से होना चाहिए।

## 22 सितम्बर से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार 22 सितम्बर 2025 से जीएसटी 2.0 की नई कर दरें लागू हो जाएगी । प्रदेश के वाणिज्य कर विभाग ने दरों में कमी का लाभ आम जनता तक सही रूप में पहुंचे, इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है तथा स्पष्ट किया है कि इस बार कर में कमी का लाभ सीधे आम जनता तक पहुँचना चाहिए। राज्य के मुख्य कर आयुक्त कुमार पाल गौतम द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियो को जीएसटी 2.0 के सुधारो को आम जन तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। इन दिशा निर्देशों के तहत विभागीय अधिकारी विभिन्न ट्रेड के प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर नई दरों एव जीएसटी के नियमों की विस्तृत जानकारी दी देंगे। मुख्य कर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को बाज़ार में जाकर यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वस्तुओं और सेवाओं पर कर कटौती का सीधा असर कीमतों पर दिखे, साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेगे कि वस्तुओं के दर संशोधन से पहले और बाद की एमआरपी रिपोर्ट हर माह विभाग को भेजनी होगी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123